दैनिक

# संजीवनी टुडे

sanjeevnitoday.com

समय के साथ बढ़ता अखबार

अब होंगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

Weather Report

अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.

जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

वर्ष: 10 अंक: 318 | जयपुर, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024 | पृष्ठ:8 | मूल्य: ` 1.50

### मोदी बोले- पर्दे के पीछे कांग्रेस-लेफ्ट की विचारधारा एक

# कहा- हमने लूट ईस्ट की नीति को खत्म किया, अब एक्ट ईस्ट की नीति

■ संजीवनी टुडे

गुवाहाटी/अगरतला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार (17 अप्रैल) को असम और त्रिपुरा दौरा किया। सुबह असम में जनसभा को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी दोपहर में त्रिपुरा की राजधानी अगरतला पहुंचे। पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद मैदान में जनसभा में कहा, ''जब त्रिपुरा में एघ्र और कांग्रेस थीं, तब भ्रष्टाचार फल-फूल रहा था। वामपंथी पार्टियों ने राज्य को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया। कांग्रेस सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास पर ध्यान नहीं दिया। उनकी नीति पूर्व को लूटो की थी। 10 साल पहले मैंने कांग्रेस और वामपंथियों की लूट ईस्ट नीति को खत्म किया था। अब हम एक्ट ईस्ट नीति पर काम कर रहे हैं। सतही तौर पर वामपंथी और कांग्रेस एक-दूसरे के विरोधी लग सकते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे उनकी विचारधारा एक ही है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा सहित अन्य नेताओं ने पीएम मोदी का स्वागत किया। इन्हें 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। आपका बिजली बिल जीरो आए, इसलिए कम दाम पर सोलर पैनल दिए जाएंगे। इसके अलावा हमने लक्ष्य रखा है 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। हमने खरीफ की फसलों का एमएसपी बढ़ाया है। इससे यहां के किसानों को लाभ हुआ है। भाजपा ने किसानों को लेकर सभी योजना को जारी रखेंगे।



### भाजपा ने 2019 में त्रिपुरा की दोनों सीटें जीतीं

त्रिपुरा में दो लोकसभा सीटें हैं- त्रिपुरा ईस्ट और त्रिपुरा वेस्ट। त्रिपुरा वेस्ट के लिए 19 अप्रैल और त्रिपुरा ईस्ट में 26 अप्रैल को चुनाव होंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की दोनों सीटें जीत दर्ज की थी। इससे पहले 2014 में सीपीआई (एम) दोनों सीटें जीती थी। हम पूर्वोत्तर के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मैं एकमात्र प्रधानमंत्री हूं जिसने एक दशक में 50 से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है।

### पीएम ने कहा- पूर्वोत्तर में रहना हमारा सौभाग्य

पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में रहना हमारा सौभाग्य है, जहां सूर्य की किरणें सबसे पहले पृथ्वी को छूती हैं। ये भारत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। विकसित त्रिपुरा, विकसित भारत की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। वहीं, असम के नलबाड़ी में पीएम ने कहा था कि कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम को अपने पंजे में जकड़ रखा था। ताकि उनके लिए लूट और भ्रष्टाचार के रास्ते खुले रहें। अब ये पंजा खुल गया है। असम में सबका साथ और सबका विकास हो रहा है। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा। एनडीए सरकार की योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं होता। योजनाओं का लाभ हर किसी को मिलता है। अब एनडीए ने ठाना है कि देश के हर नागरिक तक पहुंचकर जिस सुविधा का वो पात्र है, वो सुविधा उसे दी जाएगी। अब 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों की सेवा आपका बेटा मोदी करेगा।

### असम की 14 सीटों पर 3 फ़ेज में वोटिंग

देश के 543 लोकसभा सीटों पर 7 फ़ेज में चुनाव होने वाले हैं। 19 अप्रैल को पहले फ़ेज की वोटिंग होगी। 4 जून को नतीजे आएंगे। असम की 14 सीटों के लिए शुरुआती 3 फ़ेज में चुनाव होंगे। यहां 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को वोटिंग होने वाली है। भाजपा असम में असम गण परिषद और यूनाइटेड पीपल्स पार्टी लिबरल के साथ गठबंधन में हैं। एजीपी बारपेटा और यूपीपीएल कोकराझार लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा बाकी 11 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर चुकी है।असम का विकास इस बात का सबूत है कि जब नीयत सही हो तो नतीजे भी सही आते हैं। मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की टेंशन से मुक्ति दिलाई। हमने कानून बनाकर मुस्लिम बहनों और उनके परिवारों को राहत पहुंचाई। मैंने कुछ ही दिन पहले असम में देश की बड़ी सेमीकंडक्टर फैसिलिटी शिलान्यास किया है। इससे 15 हजार से ज्यादा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिलेगा। ये ऐतिहासिक शुरुआत है। कांग्रेस को दिया आपका वोट केंद्र में सरकार नहीं बनाएगा। भाजपा को दिया आपका वोट विकसित भारत बनाएगा। 4 जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, ये साफ दिखाई दे रहा है। हम पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बीजेपी ने भारत में 3 करोड़ नए घर बनाने का फैसला किया है। हमारी पहल से त्रिपुरा के लोगों को बहुत फायदा होने वाला है।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का पहला सूर्य तिलक

# 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में 3 मिनट तक माथे पर पड़ीं नीली किरणें

■ संजीवनी टुडे

अयोध्या। अयोध्या में बुधवार यानी 17 अप्रैल को रामनवमी पर दोपहर 12 बजे से रामलला का सूर्य तिलक हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक किया गया और मस्तक पर 3 मिनट तक नीली किरणें पड़ीं। सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। मंदिर में आरती की गई। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए रामलला का पट बंद कर दिया गया। इससे पहले जगद्गुरु राघवाचार्य ने 51 कलशों से भगवान रामलला का अभिषेक किया। आज सुबह 3.30 बजे मंदिर के कपाट खुल गए, आम दिनों में यह 6.30 बजे खुलते हैं। श्रद्धालु रात 11.30 बजे तक, यानी 20 घंटे दर्शन कर सकेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी टैबलेट में रामलला का सूर्य तिलक देखा। सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के 20 पाइप से 65 फीट लंबा सिस्टम बनाया गया। इसमें 4 लेंस और 4 मिरर के जरिए गर्भ गृह तक रामलला के मस्तक पर किरणें पहुंचाई गईं। अब तक 6 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। राम जन्मभूमि परिसर में लंबी लाइनें लगी हैं। राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर काफी भीड़ है। पीएम मोदी बुधवार को असम के नलबाड़ी में चुनावी रैली के लिए पहुंचे थे। वहां उन्होंने हेलिकॉप्टर में अपने टैबलेट में बैठकर सूर्य तिलक देखा। पीएम ने ड्ड पर लिखा-नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा। जन्मोत्सव के बाद पुजारी और भक्त रामलला के भजन गा रहे हैं। अयोध्या के करीब 10 हजार मंदिरों में भी भए प्रगट कृपाला दीनदयाला...की स्तुति हो रही है। रामलला के जन्मोत्सव पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्र, आईजी प्रवीण कुमार, सीएम नीतीश कुमार मौजूद रहे।



### गहलोत बोले-कांग्रेस छोड़कर जाने वाले हाथ जोड़कर वापस आएंगे

# ज्योति को सबक सिखाओ, उन्हें लगना चाहिए उनका भाजपा में जाने का फैसला गलत था

■ संजीवनी टुडे

नागौर। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बुधवार को नागौर में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल के समर्थन में पशु प्रदर्शनी स्थल पर सभा की। पूर्व सीएम ने कहा- ये जितने लोग कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए हैं और जा रहे हैं, जब भी कांग्रेस के अच्छे दिन आएंगे, वो वापस कांग्रेस में आने के लिए हाथ जोड़कर लाइन लगाएंगे। गहलोत ने नागौर से भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा पर निशाना साधते हुए कहा कि- नागौर के लोग समझदार होते हैं, फिर ज्योति ने गलती कैसे कर दी। ज्योति के दादा नाथूराम मिर्धा तो भाजपा को सत्यानाशी का फूल बताते थे। ऐसी पार्टी में जाने की क्या तुक थी? अब उनको सबक सिखाओ। उनको मालूम होना चाहिए कि भाजपा में जाने का उनका फैसला गलत था। पूर्व सीएम ने कहा- केंद्र सरकार ने दो निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया तो संयुक्त राष्ट्र को हस्तक्षेप करना पड़ा कि ऐसे में भारत में लोकतंत्र कैसे बचेगा? राष्ट्रीय पार्टियों के खाते बंद कर दिए। कांग्रेस ने जब भारत को संभाला तब सुई भी नहीं बनती थी, सब बाहर से आता था। उसके बाद बड़ी-बड़ी औद्योगिक कंपनियां लगीं। आजादी के बाद बड़े काम हुए। उन्होंने कहा कि कन्हैयालाल के परिवार को 50 लाख का राहत पैकेज दिया।



परिजनों को नौकरी दी। हत्यारों का पीछा करने वालों को नौकरी दी। हत्यारों को 3 घंटे में गिरफ्तार किया। लेकिन फिर वो केस एनआईए ने अपने हाथ में ले लिया और आज तक कुछ नहीं हुआ। राजस्थान पुलिस के पास वो केस होता तो हत्यारों को अभी तक सजा हो गई होती। गहलोत ने कहा कि हमने किसानों के लिए 2 हजार यूनिट बिजली फ्री की। अलग से कृषि बजट शुरू किया। जब मोदी गुजरात सीएम थे, तब एमएसपी की वकालत करते थे, अब 10 साल से पीएम बने हैं फिर भी कुछ नहीं बोलते। मणिपुर जल रहा है, लेकिन पीएम का ध्यान ही नहीं। प्रदेश की जनता कांग्रेस की पुरानी योजनाओं को? याद कर रही है। हमने सौ यूनिट बिजली फ्री की, राशन किट दिए।

### भाजपा में एक वाशिंग मशीन

पूर्व सीएम गहलोत ने कहा कि ज्योति मिर्धा को कांग्रेस से अपना हक मांगना चाहिए था, लेकिन उनका पूरा परिवार ही बीजेपी के अंदर चला गया। ज्योति की सास राजस्थान कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी थी, तो उन्हें भी खूब मान-सम्मान दिया। भाजपा भी गजब पार्टी है। पहले ये लोग हमारे नेताओं पर करप्शन के आरोप लगाते हैं, फिर उन्हें भाजपा में शामिल करके पाक-साफ कर देते हैं। भाजपा में एक वाशिंग मशीन लगी हुई है।

### 29 नक्सलियों की मौत पर कांग्रेस को संदेहः कहा

# जांच होनी चाहिए; गृहमंत्री का जवाब- जिन जवानों को गोली लगी वो क्या फर्जी हैं?

■ संजीवनी टुडे

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कांकेर में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया है। इसे छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा नक्सल एनकाउंटर बताया जा रहा है। वहीं कांग्रेस ने इस पर संदेह जताते हुए जांच की मांग की है। पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि जो लोग शहीद हुए और कुछ हमारे सुरक्षाकर्मी घायल हुए, उनके प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल का भी बयान सामने आया है। इसमें वे कह रहे हैं कि जब से भाजपा की सरकार बनी है, प्रदेश में फर्जी मुठभेड़ बढ़ गए हैं। हालांकि सियासी विवाद बढ़ने पर बघेल ने कहा कि, उन्होंने यह बयान एनकाउंटर की घटना से पहले दिया था, मुठभेड़ की जानकारी तो बाद में लगी। भाजपा ने नाराजगी जताते हुए कांग्रेस नेताओं के बयानों को दुर्भाग्यजनक बताया है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, जिन दो जवानों से मिलकर आया हूं, उन्हें गोली लगी है, क्या वह फर्जी है? जो नक्सली मारे गए, वो वर्दीधारी थे। उनके पास से एसएलआर, एक-47, इंसास 303 जैसी बंदूकें मिली हैं, क्या यह गलत है? दरअसल, भूपेश बघेल चुनाव प्रचार के लिए कवर्धा पहुंचे थे। वहां उन्होंने कहा कि, बीजेपी के शासनकाल में फर्जी एनकाउंटर होता रहा है।



### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने विवाद को हवा दी

भूपेश बघेल ने अपने कवर्धा वाले बयान पर सफाई दी, लेकिन उससे पहले ही छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बुधवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डाली। बैज ने कहा कि, सरकार दावा कर रही है 29 नक्सली मारे गए। अगर नक्सली ओरिजनल हैं तो बड़ी कामयाबी है। अगर निर्दोष ग्रामीण है तो सरकार पर प्रश्न चिन्ह भी खड़ा होगा। बैज ने कहा कि, इस मुठभेड़ की सत्यता जनता के सामने आनी चाहिए। मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सली है या निर्दोष ग्रामीण इसमें शामिल हैं। यह सरकार को स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासियों को सरकार लगातार मारने का काम कर रही है। आदिवासियों में भी आक्रोश बढ़ेगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, भूपेश जो भी बोलते हैं, सोच समझ कर बोलते हैं। अगर कोई जानकारी होगी, तो इससे इनकार नहीं कर सकते। भाजपा की सरकार आने के बाद कई फर्जी मुठभेड़ हुई है। कई आदिवासियों को नक्सली बताकर मार दिया गया है। पिछले एक महीने कोयलीबेड़ा में हुई मुठभेड़ में आदिवासियों को मार दिया गया था। सरकार का स्टैंड इसमें आज भी क्लियर नहीं है। कांग्रेस ने इसमें प्रश्न चिन्ह लगाया, लेकिन अब तक भाजपा का स्पष्ट बयान नहीं आया है। इस मुठभेड़ को सरकार को स्पष्ट करना चाहिए। गिरफ्तारियां हुई हैं। अभी 4 महीने में फिर से फर्जी एनकाउंटर में वृद्धि हुई है। नक्सली बताकर आदिवासियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि, पुलिस के द्वारा आदिवासियों को डराया धमकाया जाने लगा है कि तुमको फलां केस में गिरफ्तार कर लेंगे।

# राहुल बोले- इलेक्टोरल बॉन्ड दुनिया का सबसे बड़ा वसूली रैकेट

■ संजीवनी टुडे

बेंगलुरु। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार (17 अप्रैल) को कर्नाटक पहुंचे। यहां उन्होंने मंड्या और कोलार में जनसभा की। मंड्या में राहुल ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड दुनिया का सबसे बड़ा वसूली रैकेट है। उन्होंने कहा कि पीएम ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर इंटरव्यू में सफाई दी। वे कहते हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड पारदर्शी स्कीम है, लेकिन चंदा किसने-किसको दिया, ये बात छिपा दी। एससी ने बॉन्ड को रद्द कर डेटा सार्वजनिक करने का कहा था। तब पता चला जब किसी कंपनी को ठेका मिला तो उसने कुछ दिन बाद ही उख्र को करोड़ों का चंदा दिया। यदि किसी कंपनी पर जांच एजेंसी कार्रवाई करती है, तो वही कंपनी उख्र को चंदा देती है और जांच बंद हो जाती है। सड़कों पर इसे वसूली और हफ्ताबाजी कहा जाता है, जो छोटे-मोटे गुंडे करते हैं। राहुल ने कहा कि आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन है, जिन्होंने हिंदुस्तान को संविधान और लोकतंत्र दिया। दूसरी तरफ आरएसएस-भाजपा है जो संविधान, लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं और देश के हर एक संस्थान में अपने लोगों को डाल रहे हैं। उख्र के लोग अरबपतियों की सरकार चलाते हैं। हम आम जनता, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों की सरकार चलाते हैं। राहुल ने कहा- कर्नाटक की जनता को हमने चुनाव में 5 गारंटी दी थीं। मैं गर्व से कहता हूं कि हमारी सरकार ने सारी गारंटी पूरी कर दी हैं। गृहलक्ष्मी योजना के माध्यम से आज प्रदेश में 1 करोड़ महिलाओं को हर महीने 2 हजार रुपया मिलता है। उन्होंने कहा कि गृह ज्योति योजना में डेढ़ करोड़ से ज्यादा परिवारों को मुफ्त में बिजली दी जा रही है। अन्न भाग्य योजना में एक करोड़ परिवार से ज्यादा लोगों को 10 किलो चावल मिल रहा है। युवा निधि योजना में डेढ़ लाख युवाओं को 3 हजार रुपए हर महीने दिया जा रहा है। शक्ति योजना के तहत कर्नाटक में आज हमारी माताएं-बहनें बस में फ्री यात्रा करती हैं।



### कांग्रेस प्रत्याशी का पर्सनल मैनिफोस्टो, राज्य में गटए को सपोर्ट

# अंगोमचा बिमोल अकोइजाम मणिपुर इनर लोकसभा सीट से कैंडिडेट हैं, पॉपुलेशन पॉलिसी का भी समर्थन

■ संजीवनी टुडे

इंफाल। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पहले फ़ेज की वोटिंग 19 अप्रैल को होनी है। इसी दिन मणिपुर राज्य की दोनों लोकसभा सीट इनर मणिपुर और आउटर मणिपुर के लिए भी वोटिंग होगी। कांग्रेस ने अंगोमचा बिमोल अकोइजाम को इनर मणिपुर सीट से उम्मीदवार बनाया है। वे दिल्ली में मौजूद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में प्रोफ़ेसर भी हैं। बीजेपी की ओर से थौनाओजम बसंत कुमार सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने 5 अप्रैल को पार्टी का मैनिफ़ेस्टो जारी किया था। इसमें कई सारे वादे किए गए हैं। वहीं, अंगोमचा बिमोल अकोइजाम ने अपनी लोकसभा के लिए व्यक्तिगत घोषणापत्र जारी किया है। इसमें राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (गटए) और जनसंख्या नीति के समर्थन का वादा भी शामिल है। अमित शाह ने 15 अप्रैल को इंफाल में कहा था कि कांग्रेस नेता टुकड़े-टुकड़े गैंग के हैं। चुनाव मणिपुर को विभाजित करने की बात करने वालों और जोड़े रखने वालों के बीच लड़ा जाएगा। इस पर अकोइजाम ने कहा कि वे ऐसा प्रचार के लिए करते हैं। ये उनका पसंदीदा बयान है।

### मणिपुर के लिए नई राजनीतिक संस्कृति विकसित करना



अंगोमचा बिमोल अकोइजाम ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि उनका मिशन नए मणिपुर के लिए नई राजनीतिक संस्कृति विकसित करना है। ऐसे मुद्दों को बढ़ावा देना है जिनका मणिपुर के सभी लोगों को फायदा पहुंचे। मैं सद्भाव और समृद्धि वाले भविष्य की कल्पना करता हूं। जहां सभी की प्रोग्रेस हो। अकोइजाम ने कहा कि राज्य को कानूनी नागरिकों की पहचान के लिए इंस्टीट्यूशनल मैकेनिज्म की जरूरत है। साल 2003 में संसद में जब गटए संशोधन पेश किया था तब कांग्रेस ने इसका समर्थन किया था, जिसके बाद ये सर्वसम्मति से पारित किया गया था। इसी तरह मणिपुर विधानसभा में 2022 में राज्य में गटए की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। कांग्रेस विधायकों ने प्रस्ताव का समर्थन किया था। यह कहना गलत है कि कांग्रेस गटए के खिलाफ है। अकोइजाम ने आगे कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से गटए के पक्ष में हूं। आप इसे कुछ भी कह सकते हैं। मेरा मानना है कि हमारे पास ऐसा मैकेनिज्म जरूर होना चाहिए, जिससे तय किया जा सके कि कौन राज्य का कानूनी नागरिक है और कौन बाहरी है। जेएनयू से हर व्यक्ति को वे इसी नाम से बुलाते हैं। अकोइजाम ने आगे कहा कि खाठ ने राष्ट्रीय मामलों और राष्ट्र के विकास में बहुत योगदान दिया है। पीएम मोदी की कैबिनेट के दो लोकप्रिय और शक्तिशाली मंत्री एस. जयशंकर और निर्मला सीतारमण भी खाठ से हैं। इसलिए खाठ के किसी भी व्यक्ति को टुकड़े-टुकड़े गैंग कहना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

# जयपुर सांसद रामचरण बोहरा को जान से मारने की धमकी

■ संजीवनी टुडे

### मेल भेजकर लिखा- दिल्ली बहुत दूर है, रास्ते में जहां मिलोगे, तुम्हें वहीं मार देंगे

जयपुर। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा को जान से मारने की धमकी दी गई है। सांसद के ऑफिशियल आईडी पर धमकी लिखकर ई-मेल की गई है। लिखा है- दिल्ली अभी बहुत दूर है। रास्ते में जहां मिलोगे, तुम्हें वहीं जान से मार देंगे। जवाहर सर्किल थाने में सांसद बोहरा के निजी सहायक अरुण शर्मा ने एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस की स्पेशल टीम जांच कर रही है। पुलिस ने बताया- बगरु वालों का रास्ता, चांदपोल बाजार निवासी अरुण शर्मा ने जवाहर सर्किल थाने में बुधवार को एफआईआर दर्ज करवाई है। वह सांसद रामचरण बोहरा के निजी सहायक हैं। अरुण ने बताया- 2 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे वह ऑफिस आकर अपना काम संभाल रहे थे। सांसद रामचरण बोहरा की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर सभी मेल चेक कर किए जा रहे थे। सुबह करीब 4:30 बजे अरविन्द कुशवाह नाम की आईडी से एक मेल आई हुई थी। निजी सहायक अरुण शर्मा ने बताया- अरविंद कुशवाह की मेल में लिखा था- हम आपको जान से मार देंगे। दिल्ली अभी बहुत दूर है। रास्ते में जहां मिलोगे, तुम्हें वहीं जान से मार देंगे। धमकी भरे मेल मिलने पर सांसद रामचरण बोहरा को जानकारी दी गई। सांसद बोहरा के निर्देश के बाद निजी सहायक अरुण शर्मा ने जवाहर सर्किल थाने में बुधवार को रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। उधर, सांसद बोहरा ने भी इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पुलिस की साइबर सेल व टेक्निकल टीम अपने काम में लगी हुई है।



### शंभू बॉर्डर पर किसानों ने रेलवे ट्रैक जाम किया

# बैरिकेडिंग तोड़ी-पुलिस से धक्का मुक्की, सरवण पंधेर बोले- धरना जारी रहेगा

■ संजीवनी टुडे

अंबाला। पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिए हैं। बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे से किसान रेलवे ट्रैक पर बैठ हुए हैं। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे पुलिस-किसानों की धक्कामुक्की हुई। मगर किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और ट्रैक पर बैठ गए। किसान सरकार से युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में पहले उनकी हरियाणा और पंजाब सरकार से मीटिंग हुई थी, जिसके बाद रिहाई का भरोसा मिला था। जिसके बाद किसानों ने सरकार को 16 अप्रैल तक का समय दिया था। सरकार ने रिहाई नहीं की तो वे ट्रैक पर उतर आए। किसानों के प्रदर्शन के चलते 34 ट्रेन प्रभावित हुई हैं। 11 ट्रेनों को पूरी तरह से कैंसिल किया गया है, जबकि कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं तो कुछ के रूट शॉर्ट किए गए हैं। पंधेर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान हम भाजपा के साथ-साथ विपक्ष को भी सवाल पूछेंगे। उन्हें देश को डब्ल्यूटीओ से बाहर निकालने के बारे में स्टैंड पूछा जाएगा।



### पंधेर बोले- केंद्र सरकार ट्रैक जाम करने के लिए मजूबर कर रही

आंदोलन की अगुआई कर रहे किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि साढ़े 12 बजे से धरना चल रहा है। ये धरना आगे भी चलता रहेगा। एक राउंड की बात डीआईजी रेंज पटियाला और एसएसपी पटियाला से हुई। जिसमें सहमति नहीं बनी। उसके बाद कोई बात नहीं हुई। उन्होंने कहा कि किसानों को आसानी से रिहा किया जा सकता है, लेकिन हरियाणा और केंद्र की सरकार अहंकारी है। ये हरियाणा को उठने नहीं देना चाहते। नौजवानों को इस लहर में शामिल होने से रोक रहे हैं। पंधेर ने कहा कि हम नहीं चाहते की रेलवे ट्रैक जाम हों, लेकिन केंद्र सरकार इसके लिए हमें मजबूर कर रही है।लखीमपुर खीरी और शुभकरण मसले पर दोषियों को कैसे सजा दिलवाएंगे, इस बारे में सवाल किए जाएंगे।? पंधेर ने कहा कि विपक्ष ने भी कुछ मांगों पर क्लियर नहीं किया है। इसमें विशेष तौर पर मनरेगा में एक साल में 200 दिन काम और 700 रुपए के हिसाब से दिहाड़ी शामिल है। किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि सरकार ने भरोसा देकर भी उन्हें रिहा नहीं किया।

## खबरें फटाफट

### लोक सभा चुनाव पर मध्य नजर रखते हुए एफ एस टी टीम 03 हुई अलर्ट



■ संजीवनी टुडे

धनाऊ। धनाऊ लोक सभा चुनाव पर मध्य नजर रखते हुए एफ एस टी टीम चोहटन धनाऊ द्वारा लगातार वाहनों की चेकिंग जारी हैं अल सुबह आलमसर चोहटन रोड में आने जाने वाले सभी वाहनों की चेकिंग गाड़ियों में रखे बैग की भी चेकिंग करते हुए अधिकारी नजर आए वही इस धरपकड़ अभियान के साथ ही आने जाने वाली गाड़ियों के नंबर वह वाहन चालक का नाम भी रजिस्टर में दर्ज कर रहे थे इतना ही नहीं चुनावी माहोल देखते हुए वीडियो ग्राफर द्वारा हर गाड़ियों के फुटेज भी लिए जा रहे थे टीम में ए एस आई लाखाराम पुलिस थाना धनाऊ, एसीबीओ अचलाराम, वीडियो ग्राफर बाबूलाल गोयल मय टीम द्वारा सुबह से लेकर शाम तक वाहनों की चेकिंग अभियान जारी था।

### फरवरी 2024 में जियो ने राजस्थान में जोड़े सबसे अधिक ग्राहक

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। रिलायंस जियो ने राजस्थान में एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन किया है। जियो के राजस्थान में 29 फरवरी, 2024 तक 2.66 करोड़ ग्राहक हो गए है। इस बड़े ग्राहक आधार के साथ जियो राजस्थान में नंबर एक टेलीकॉम ऑपरेटर के स्थान पर बरकरार है। ट्राई की रिपोर्ट अनुसार, फरवरी महीने में जियो ने राजस्थान में कुल 1.03 लाख नए उपभोक्ताओं को जोड़ा और अन्य दूरसंचार ऑपरेटरों से बेहतर प्रदर्शन किया। फरवरी 2024 में भारती एयरटेल और बीएसएनएल ने क्रमशः 55,659 ग्राहक और 18,740 ग्राहक जोड़े। वहीं, वोडाफोन आइडिया ने राजस्थान में 47,637 मौजूदा ग्राहक खो दिए। राजस्थान का कुल वायरलेस सेवा का ग्राहक आधार 29 फरवरी, 2024 तक बढ़कर 6.63 करोड़ पहुंच गया है और इस महीने में कुल ग्राहक आधार 1.30 लाख तक बढ़ा है। ट्राई की रिपोर्ट अनुसार, जियो राजस्थान में 2.66 करोड़ ग्राहकों के साथ शीर्ष पर है, जिसके बाद भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल की ग्राहक संख्या क्रमशः 2.32 करोड़, 1.07 करोड़ और 56.77 लाख रही। जियो ने राजस्थान के 350 से अधिक शहरों और कस्बों में 5जी सेवाएं शुरू कर दी है और राज्य में इसकी 5जी कवरेज सबसे व्यापक और बड़ी है।

### संभागीय आयुक्त से मिली खुशहाली



■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2023 में 61वीं रैंक हासिल करने वाली बीकानेर की खुशहाली सोलंकी ने बुधवार को संभागीय आयुक्त श्रीमती वंदना सिंघवी से मुलाकात की। इस दौरान संभागीय आयुक्त ने खुशहाली को शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर खुशहाली की माता और अधिशाषी अभियन्ता श्रीमती संगीता सोलंकी साथ रहीं। खुशहाली ने संभागीय आयुक्त को परीक्षा तैयारी और अपने अनुभव के बारे में बताया।

### युवक मृत अवस्था में मिला

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। सुबह क़रीब 10 बजे सूचना मिली कि एक युवक मृत अवस्था में बीकानेर घड़सीसर पुल के ऊपर मिला हैं। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे संबंधित पुलिस व एफ़ एस एल टीम की निगरानी में खिदमतगार खादिम सोसाइटी के सदस्य भाई शोएब ,हाजी जाकिर,असहाय सेवा संस्थान के ताहिर हुसैन , मोहम्मद जुनेद खान, लक्ष्मण सिंह , राजकुमार खड़गावत आदि मौके पर पहुँच कर शव को पी बी एम अस्पताल पहुँचाया । मृतक की पहचान जयपाल पुत्र रामनारायण उम्र 46 वर्ष ख़ानूवाली, गंगानगर का हाल निवासी पटेल नगर बीकानेर के निवासी रूप में हो गई है ।। परिजन अस्पताल पहुँच गए।

### हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। श्री बजरंग धोरा विकास समिति की बैठक श्री बजरंग धोरा धाम में आयोजित की गई जिसमें हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल 2024 मंगलवार को आयोजित होने वाले मेले में कार्यकर्ताओं को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी गई जिससे मेले में व्यवस्था ना बिगड़े मंदिर के आशीष दाधीच ने बताया कि मंदिर में सफाई,पार्किंग, लाइट पानी की उचित व्यवस्था हेतु जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को दी गई साथ ही बीकानेर पुलिस अधीक्षक महोदय से ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू करने हेतु निवेदन किया जाएगा ताकि यातायात सुगम हो यात्रियों के लिए पार्किंग व रेम्प की सुविधा की जा रही है साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से सभी भक्तों को आमंत्रित किया जा रहा है।

# स्वाद व स्वछता का पर्याय हैं लोटस डेयरी: डॉ. अर्पिता गुप्ता

■ संजीवनी टुडे

### रामनवमी के पावन अवसर पर चैरिटेबल स्कूल के बच्चों ने किया मोदी डेयरी प्लांट का भ्रमण



बीकानेर। रामनवमी पर ब्लू मून चैरिटेबल स्कूल के बच्चों ने जयपुर जोधपुर बाईपास पर स्थित लोटस डेयरी के प्लांट का भ्रमण किया। मोदी डेयरी की तरफ से श्री अरूण मोदी ने बताया कि उनका परिवार इस व्यवसाय में विगत 50 वर्षों से जुड़ा हुआ है। मोदी डेयरी की स्थापना से लेकर अब तक स्वच्छता एवं हाईजीन का किस प्रकार ध्यान रखा जा रहा है, इसके बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि जब तक ग्राहक स्वंय नहीं चाहेगा की उसे उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ चाहिये व नकली चीजों का बहिष्कार हो, तब तक मिलावट का यह दौर यूंही चलता रहेगा, इसके लिये ग्राहक का शिक्षित होना बहुत जरूरी है। मोदी डेयरी के रमेश यादव (मैनेजर प्रोडक्शन )एवं एच आर मैनेजर श्री श्याम किशोर तिवाड़ी ने सभी बच्चों को मोदी डेयरी के सभी उत्पाद को बनाने की प्रक्रिया समझाई ⁊ बच्चों ने मोदी डेयरी में दूध के गांवो मे इकठ्ठा होने पर उसकी जांच के तौर तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए दूध के बीकानेर स्थित मुख्य प्लाण्ट पर पहुंचने पर पुनः होने वाली जांचों तथा आगे इसके प्रोसेस होने तथा अन्य उत्पाद बनने की सारी प्रक्रिया को देखा व समझा। दूध के अलावा किस तरह दही, छाछ-लस्सी, पनीर, घी, मक्खन, स्किम मिल्क पाउडर, पेड़ा, रसगुल्ला, राजभोग व अन्य मिठाईयों का निर्माण हाईजनिक तरीके से किया जाता है इसके बारे में जानकारीयां प्राप्त की।

बच्चों ने अपने मन में उमड़ रहे बालसुलभ प्रश्नों को रखा जिसका डेयरी प्रबन्धकों द्वारा समुचित तरीके से जवाब देकर सन्तुष्ट किया गया। मोदी डेयरी प्रबन्धन द्वारा आने वाले दिनों में और इस क्षेत्र में क्या क्या नवाचार किये जा रहे हैं, इसके बारे में भी बच्चों को विस्तार पूर्वक बताया गया। डॉ. अर्पिता गुप्ता ने लोटस डेयरी की स्वछता, कार्य प्रणाली व स्टाफ के स्वाभाव की सराहना करी⁊ अंत मे डॉ. गुप्ता ने बच्चों को डेयरी सम्बंधित जानकारी देने के लिए मोदी डेयरी के सभी स्टाफ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय अध्यापिका नीति शर्मा, अमनदीप, जागृति भोजक , प्रणव भोजक का सहयोग रहा।

# घरों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों व शिक्षण संस्थानों में बांटे आमंत्रण पत्र

■ संजीवनी टुडे



बीकानेर। जिला निर्वाचन अधिकारी बीकानेर की प्रेरणा से एवं बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया के मार्गदर्शन में सचिव वीरेंद्र किराडू, विमल दम्माणी, विजय चांडक एवं भंवरलाल चांडक ने जस्सूसर गेट स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों, शिक्षण संस्थानों व घरों में मतदाताओं को लोकसभा आमचुनाव के आमंत्रण पत्र व पीले चावल बांटकर मतदान प्रतिशत बढाने हेतु मतदाताओं को जागरूक किया ⁊ साथ ही अपने घर, परिवार, मोहल्ले व अपने सगे संबंधियों से 19 अप्रेल को अधिकाधिक मतदान करने हेतु जागरूक करने हेतु प्रेरित किया ⁊ सचिव वीरेंद्र किराडू ने बताया कि वर्तमान में आगामी बीकानेर जिला उद्योग संघ द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी की प्रेरणा से मतदान प्रतिशत बढाने हेतु 19 व 20 तारीख को अंगुली पर मतदान पश्चात लगाई गई स्याही का निशान दिखाने पर 71 व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा 3 से लेकर 50 प्रतिशत तक विशेष छूट दी जायेगी ⁊ साथ ही आमंत्रण पत्र व पीले चावल बांटकर मतदाताओं को लोकतंत्र में पूरी आस्था तथा लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग कर ज्यादा से ज्यादा वोट डालने की अपील की गई ⁊ बीकानेर जिला उद्योग संघ जिला निर्वाचन अधिकारी बीकानेर की शत प्रतिशत मतदान की भावना को आत्मसात करने के लिए कृत संकल्पित है।

# शहर के गणमान्य लोगों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने की ली गई शपथ



■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। मंगलवार की दोपहर को बीकानेर शहर के जाने-पहचाने लोग सार्दुल सिंह सर्किल पर इकट्ठा हुए और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के महा पर्व में हिस्सा लेने का आह्वान किया गया। इस मौके पर बीकानेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19 अप्रैल शुक्रवार को होने वाले मतदान में शपथ ली गई। जिसमें समाज सेवी एनडी रंगा, राजस्थानी भाषा के फिल्म निर्माता पूनम मोदी, सेवानिवृत्त अधिकारी कमलकांत सोनी, पूर्व पार्षद सुनील बांठिया, बैंक कर्मचारी नेता सुनील दत्त नागल, वरिष्ठ पत्रकार और एकंर डॉ नासिर अली जैदी, व्यवसायी अनिल पाहूजा, पत्रकार सैय्यद अख्तर अली चूड़ीगर, भारतीय जनता मजदूर संघ के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह चौहान,मानव अधिकार आयोग परिषद बीकानेर के संस्थापक जयसिंह चौहान, पत्रकार भवानी आचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता विजय शंकर गहलोत, प्रोफ़ेसर राजनारायण व्यास, देवेश भाटी, रूप सिंह राजपुरोहित, पुखराज सोनी, जयनारायण मारू, गोवर्धन जोशी, अभिमन्यु सिंह राजपुरोहित सहित शहर के आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# लोकसभा आम चुनाव 2024: गुरुवार को रवाना होंगे मतदान, सभी तैयारियां पूरी

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर । लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान दल गुरुवार को रवाना होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़, बीकानेर पूर्व, बीकानेर पश्चिम के लिए मतदान दल 18 अप्रैल को प्रातः 7 बजे राजकीय डूंगर महाविद्यालय में रिपोर्ट करेंगे। जहां से तृतीय प्रशिक्षण के बाद इन्हें संबंधित क्षेत्र के लिए रवाना किया जाएगा। इसी प्रकार कोलायत, लूणकरणसर, खाजूवाला तथा नोखा विधानसभा क्षेत्र के लिए राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से मतदान दलों की रवानगी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 1 हजार 627 मूल मतदान केंद्र तथा 58 सहायक मतदान केंद्रों सहित कुल 1 हजार 685 केंद्रों के लिए दल रवाना होंगे। इसी प्रकार 355 रिज़र्व मतदान दलों सहित कुल 2 हजार 40 मतदान दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8-8 युवा तथा महिला मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिनमें से जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों में 56-56 युवा मतदान कार्मिक (40 वर्ष से आयु के) तथा महिला कार्मिकों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक मतदान केंद्र दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित किया जाएगा। वृष्णि ने बताया कि मतदान दल रवाना करने की समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अंतिम प्रशिक्षण के पश्चात पोलिंग पार्टियां गंतव्य स्थल के लिए रवाना कर दी जाएगी। डूंगर कॉलेज में मतदान कार्मिकों का प्रवेश सादुलगंज कॉलोनी की ओर वाले द्वार से होगा तथा उनकी पार्किंग की व्यवस्था द्वार के बाएं तरफ रहेगी। प्रवेश द्वार के समीप ही पूछताछ के लिए भी टेंट की व्यवस्था की गई है। पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान कार्मिकों के प्रवेश की व्यवस्था राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सामने वाले द्वार से होगी। इनकी पार्किंग की व्यवस्था औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में की गई है। उन्होंने बताया कि मतदान दल कार्मिकों के रवानगी स्थल पर बैठने, पेयजल, मतदान केंद्र के लिए आवंटित सामग्री वितरण सहित समस्त व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण टेबल पर ही करवाई जाएगी। इसमें ईवीएम के साथ-साथ मतपत्र मुद्रण प्रकोष्ठ द्वारा प्रकाशित सामग्री का भी वितरण किया जाएगा। दोनों रवानगी स्थलों पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई है ।साथ ही समस्त व्यवस्थाएं सुचारू रखने के लिए प्रकोष्ठ प्रभारी को निर्देश दिए गए हैं। मतदान दलों को गंतव्य स्थल तक पहुंचाने के लिए वाहन उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान समाप्ति के पश्चात जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों से मतदान दल जिला मुख्यालय पर उपस्थित होंगे।

# टोडा मीना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग का आयोजन



■ संजीवनी टुडे

भानपुर कलां। टोडा मीना स्थित माताजी मंदिर में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस सचिव दयाल मीना के नेतृत्व में लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित की गई। कांग्रेस नेता गोपाल यादव ने बताया कि जयपुर जिला देहात अध्यक्ष गोपाल मीना के निर्देशन में बुधवार को टोडा मीना में जमवारामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस सचिव दयाल मीना के नेतृत्व में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित की गई। इस दौरान सचिव मीना ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा प्रत्याशी अनिल चौपड़ा को भारी बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प लिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरुक करे कांग्रेस पार्टी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करवाए। प्रत्येक कार्यकर्ता को अनिल चौपड़ा बनकर कार्य करना होगा ताकि कांग्रेस पार्टी को जयपुर ग्रामीण क्षेत्र से भारी बहुमत से विजयश्री प्राप्त की जा सके। इस मौके पर सीताराम ठेकेदार, हरला राम मीना, बहादुर मीना, राकेश, शिंभू दयाल, कमल, गिर्राज, हनुमान एवं गुमान आदि सही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नवरात्रि की आखिरी दिन घर-घर पूजी गई कन्या प्रसाद व उपहार वितरण

■ संजीवनी टुडे



बीकानेर। श्रीगंगानगर श्री गुरु अर्जुन दास सत्संग भवन के संस्थापक एवं श्री रूद्र हनुमान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गुरु अर्जुन दास जी के द्वारा सत्संग भवन में दुर्गा अष्टमी एवं महानवमी बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाई गई व 584 वा लंगर लगाया गया। सुबह दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया है एवं राम नाम का संकीर्तन किया गया। उसके पश्चात 111 कन्याओं को पूजन कर, तत्पश्चात 551 कन्याओं में प्रसाद व उपहार वितरण किया गया। सम्मान स्वरूप कन्याओं को चुनरी, श्रृंगार का सामान, चूड़ियां की डिब्बी, गुड़िया, ज्योमेट्री बॉक्स, गुब्बारा, चॉकलेट व बबल्स भेंट किये गए। श्री गुरु अर्जुन दास जी द्वारा आशीर्वचन में कहा गया की "मां का हर रूप, हर दिन पूजनीय व वंदनीय है। मां लक्ष्मी, मां सरस्वती की चाहे कितनी भी पूजा कर लो या फिर 9 दिन अखंड उपवास कर लो, लेकिन अगर नारी की इज्जत करना नहीं सीखा, तो सब बेकार है।।" इसीलिए सिर्फ नवरात्रों में ही बल्कि हर रोज कन्याओं व महिलाओं को सम्मान की दृष्टि से देखा जाना चाहिए।"समिति द्वारा सेवाएं श्री गुरु अर्जुन दास, हुक्मी देवी, संगठन मंत्री सतपाल कोर, अनुज मल्होत्रा, छिंदर पाल सिंह, सुभाष छाबड़ा, आशा रानी, एमडी सतीश, राजरानी, दिया, पूर्ण राम- राम लीला के निर्देशक, खुशी, निशा, अमरजीत, वाशन राकेश, टीकु लाकडी, मदन घडोला केशरी सिंहपुर से राजा, परमजीत कौर, फतेहसिंह जरोवर सिंह, मिकी छिपा, मलोट, जीतेन्द्र अग्रवाल, अभिषेक, सुमन, साहिल, देवेंद्र, संजू, महेंद्र भटेजा, डिस्क फोरमेन अनील शर्मा, नरेश पण्डित व अन्य सदस्यों द्वारा दी गई। सभी ने तन-मन से सेवा दी। साथ ही शाखा बीकानेर में भी महानवमी बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। सुबह दुर्गा सप्तशती का पाठ एवं राम नाम का कीर्तन किया गया। उसके पश्चात कंजकों को हलवा, पूरी, खीर, चना का प्रसाद भोग लगाया गया और सम्मान स्वरूप श्रृंगार का सामान, बोल, चिप्स, चॉकलेट, फल का वितरण किया गया। समिति की तरफ से सेवाएं प्रचार मंत्री उषा गुप्ता, पर्यावरण संरक्षक अभिषेक गुप्ता, वैभव, हिमांशी, बसंत किराडू व अन्य सदस्य द्वारा दी गई।

### मतदान के दिन घर बैठे जान सकेंगे मतदान केंद्र पर भीड़ की स्थिति

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। मतदान के दिन मतदाता अपने घर बैठे मतदान केंद्रों की स्थिति और भीड़ की जानकारी ले सकेंगे। इसके लिए क्यूआर कोड अथवा लिंक पर क्लिक करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने बताया कि मतदाताओं को लंबे समय तक लाइन में इंतजार ना करना पड़े और अपने घर बैठे ही लाइन में लगे लोगों की संख्या के बारे में जानकारी मिल सके, इसके लिए बीकानेर ऐज मोबाइल ऐप इजाद किया गया है। बीकानेर एज ऐप को मतदान दिवस पर बीएलओ द्वारा नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा। आम मतदाता यह मोबाइल ऐप डाउनलोड किए बिना लिंक पर क्लिक कर उक्त जानकारी हासिल कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता चाहें तो गूगल प्ले स्टोर से बीकानेर ऐज मोबाइल ऐप भी डाउनलोड कर सकते हैं। इस सुविधा से मतदाताओं को कतार में खड़े होने से मुक्ति मिलेगी और वे अपनी इच्छा के अनुसार मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान कर सकेंगे।

# बीकानेर एडिटर एसोसिएशन ऑफ न्युज पोर्टल्स का हुआ गठन



नीरज जोशी | आनन्द आचार्य | विनय थानवी | नारायण उपाध्याय | डॉ मुदिता पोपली

■ संजीवनी टुडे

### आनंद आचार्य अध्यक्ष, विनय थानवी सचिव तथा नारायण उपाध्याय कोषाध्यक्ष मनोनित

बीकानेर। वर्तमान में डिजिटल मीडिया बढ़ते प्रभाव को देखते हुए न्युज पोर्टल्स के संपादकों ने पत्रकारों के अधिकारों का संरक्षण उन्हें मजबूत बनाने तथा समाजोपयोगी कार्य के उद्देश्य से गत रविवार को मुरलीधर व्यास कॉलोनी स्थित कैफ़े मैजिक चाय रेस्टोरेंट में एक बैठक रखी गई थी जिसमें बीकानेर में संचालित न्युज पोर्टल्स के संपादकों ने भाग लिया। बैठक में न्युज पोर्टल व डिजीटल प्लेटफॉर्म पर पत्रकारिता कर रहे सम्पादकों द्वारा संगठनात्मक गतिविधियों की आवश्यकता महसूस की गई। डिजीटल प्लेटफॉर्म पर कार्यरत्त पत्रकारों का वैचारिक उन्नयन, आईडिया एक्सचेंज, फिल्ड रिर्पोटिंग के दौरान कानूनी सुरक्षा, राजकीय सूचनाओं के तथ्यात्मक प्रकाशन हेतु विभिन्न विभागो से सामंजस्य सहित पत्रकारों और उनके परिवारों हेतु वेलफ़ेयर के कार्य उद्देश्य शामिल किये गये है। सर्वसम्मति से आज राम नवमी के दिन ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से बीकानेर एडिटर एसोसिएशन ऑफ न्यूज पोर्टल्स के गठन हेतु सभी संपादकों द्वारा सहमति प्रदान की गई। सर्व सहमति के दौरान आनंद आचार्य को संगठन का अध्यक्ष, विनय थानवी को संगठन सचिव, नारायण उपाध्याय को कोषाध्यक्ष तथा डॉ. मुदिता पोपली को बुलेटिन एडिटर मनोनित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार नीरज जोशी संरक्षक, खबर एक्सप्रेस के आनंद आचार्य अध्यक्ष, विनय एक्सप्रेस के विनय थानवी सचिव, दैनिक खबरां से नारायण उपाध्याय कोषाध्यक्ष तथा डॉ. मुदिता पोपली बुलेटीन एडिटर होगें। इसके अतिरिक्त शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जायेगा. संगठन की एक परिचायिका मय सदस्य डायरेक्टी का प्रकाशन का सभी विभागों, राजनैतिक-गैर राजनैतिक संगठनों, प्रमुख व्यक्तियों, को भेजी जायेगी। द इंडियन डेली के राजेश रतन व्यास, खबरमंडी से रोशन बाफना, अभिनव टाइम्स से संजय आचार्य वरूण, समाचार संगम के एडवोकेट मुकुंद व्यास,भारत एक्स्प्रेस से साहिल पठान, बीकानेर दर्पण से पवन व्यास, बीकानेर लाईव के दिलीप गुप्ता, द बीकानेर न्यूज से उमेश पुरोहित, मनोज व्यास सदस्य एडिटर एसोसिएशन ऑफ न्यूज पोर्टल्स की कार्यकारी समिति के सदस्य होंगे। उल्लेखनीय है की बीकानेर जिले मे संचालित अन्य ऑनलाइन समाचार प्रकाशक संस्थाओं से भी संगठन से जुड़ने का आग्रह किया गया है।

# कांग्रेस का 'वचन पत्र' लॉन्च, वैभव बोले यह अगले 5 साल में जालोर की तस्वीर और तकदीर बदल देगा

■ संजीवनी टुडे

रानीवाड़ा (जालोर)। जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने बुधवार को अपना वचन पत्र जारी कर दिया। रानीवाड़ा के कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह वचन पत्र जालोर,सांचौर और सिरोही जिलों की तरक्की का रास्ता खोलता है। वचन पत्र में रोजगार मेलों के जरिए 10 हजार से अधिक स्थानीय युवाओं को नौकरियां देने का वादा वैभव ने किया। उन्होंने युवाओं के लिए अगले पांच साल में 100 स्टार्टअप्स खुलवाने की भी बात कहीं। वैभव ने जालोर से जयपुर, दिल्ली, हैदराबाद, कोयम्बटूर, चैन्नई, बैंगलूरु के लिए नियमित यात्री रेलगाड़ियां चलवाने, सिरोही-जालोर मार्ग को फोरलेन करा नेशनल हाइवे घोषित कराने, आबूरोड हवाई पट्टी को एयरपोर्ट बनाकर वहां से नियमित उड़ानें शुरू कराने का वादा किया। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र की जनता को जवाई बांध के पानी से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा और माही-व्यास का पानी भी जालोर-सिरोही तक लाने के प्रयास किए जाएंगे। वैभव ने कहा कि इस मैनिफ़ेस्टो में जालोर के सभी आयु व वर्गों का ध्यान रखा गया है। मैनिफ़ेस्टो के रोडमैप को आमजन से विचार-विमर्श कर इस तरह बनाया गया है कि यह लोकसभा क्षेत्र की जनता की सभी बुनियादी जरूरतों और तरक्की की संभावनाओं को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि मैनिफ़ेस्टो का रोडमैप आने वाले पांच साल में तीनों जिलों की तस्वीर बदल देगा, तकदीर बदल देगा। पत्रकारों से संवाद में वैभव ने कहा कि आप अच्छी तरह जानते हैं कि जालोर लोकसभा क्षेत्र पिछले 20 वर्षों से तरक्की की बाट जोह रहा है। यहां लगातार भाजपा सांसद रहे, देवजी पटेल तो लगातार 15 वर्षों तक यहां के सांसद रहे, लेकिन जालोर, सिरोही जिलों को तो छोड़ो, सांचौर क्षेत्र का भी विकास वे ढंग से नहीं करा पाए। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे मारवाड़ी भाई-बंधु पेयजल, सिंचाई जल, बुनियादी विकास, रोजगार, पलायन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं। जालोर लोकसभा क्षेत्र में प्रवासी बंधुओं के लिए न ट्रेन कनेक्टिविटी है न ही एयर कनेक्टिविटी। आने-जाने के लिए जोधपुर या अहमदाबाद जाना पड़ता है। ग्रेनाइट, पर्यटन, जीरा, सौंफ के उद्योग यहां की पहचान हैं, लेकिन इन उद्योगों के विकास के लिए भाजपा ने कुछ नहीं किया। युवाओं, महिलाओं के विषयों को भी भाजपा सांसदों ने दरकिनार किया है। कहने को डबल इंजन की सरकार है, लेकिन



वह विकास के लिए नहीं केवल राजनीति करने के लिए है। वैभव ने कहा कि अशोक गहलोत के नेतृत्व में पिछली कांग्रेस सरकार ने जनकल्याण के लिए काफी काम किया है। बुनियादी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई से राहत, पशुबीमा आदि क्षेत्रों में कई अनूठे निर्णय लिए गए। लेकिन साढ़े तीन महीने की भाजपा सरकार ने जिस तरह योजनाओं को बंद किया है, उससे जालोर की जनता में नाराजगी है। मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि अशोक गहलोत ने जिस तरह जोधपुर का विकास कराने में जान झोंक दी, वहां हर सुख-सुविधा उपलब्ध कराई, विश्व पटल पर जोधपुर का नाम ऊंचा किया, वैसे ही प्रयास मैं जालोर लोकसभा क्षेत्र के लिए करूंगा। जालोर, सांचौर और सिरोही तीनों जिलों को पिछड़ा नहीं रहने दिया जाएगा। वैभव ने कहा कि यह वचन पत्र आमजन की समस्याओं, मांगों, जरूरतों और भावी संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि वे जालोर लोकसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं और प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से संवाद कर रहे हैं। जालोर, सांचौर और सिरोही तीनों ही जिलों के लोगों की आवश्यकताओं को लेकर जनता, जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों और कार्यकर्ताओं से संवाद कर तरक्की एक्सप्रेस का रोडमैप तैयार किया है। इस मौके पर रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी ने अपने संबोधन में कहा कि जालोर, सांचौर और सिरोही की तरक्की के लिए स्थानीय विकास जरूरी है। कांग्रेस पार्टी स्थानीय विकास को महत्व देती है, इसीलिए जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है, तब-तब पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों का विकास हुआ है। नर्मदा का पानी आज यहां पहुंच रहा है तो वह पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि वैभव गहलोत के मैनिफ़ेस्टो में पानी, ट्रेन, रोजगार जैसे स्थानीय विकास के मुद्दों को पूरी प्राथमिकता से शामिल किया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वैभव गहलोत आमजन की इन समस्याओं को दूर करने में जी-जान लगा देंगे। मैनिफ़ेस्टो लॉन्चिंग में जालोर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, हेम सिंह शेखावत सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वैभव गहलोत ने कहा कि उनके वचन पत्र में क्षेत्र के विकास के लिए कई अभिनव पहल शामिल की गई हैं। साथ ही जिन मांगों को पूरा करने का प्रण लिया गया है, उसकी जानकारी व्हॉट्सएप के जरिए ली जा सकती है। आमजन 8468848484 व्हॉट्सएप नंबर के जरिए मैनिफ़ेस्टो डाउनलोड़ कर सकता है, पढ़ सकता है।

### कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के प्रमुख वादे

- हर 6 माह में रोजगार मेले लगाकर 10 हजार से अधिक स्थानीय युवाओं को नौकरियां। अप्रशिक्षित लोगों के लिए जरूरी स्किल ट्रेनिंग भी।
- हर वर्ष 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले शीर्ष 20 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में शिक्षा का अवसर।
- युवाओं के लिए पांच साल में 100 स्टार्टअप्स।
- 50 हजार महिलाओं को एनजीओ के माध्यम से प्रशिक्षण व स्वरोजगार में मदद।
- पिण्डवाड़ा-बागरा और उदयपुर पिण्डवाड़ा रेल लाइन की शुरुआत।
- जालोर से जयपुर, दिल्ली, हैदराबाद, कोयम्बटूर, चैन्नई, बैंगलूरु के लिए नियमित यात्री रेलगाड़ियां।
- ग्रेनाइट स्पेशल मालगाड़ियां चलाने का प्रयास होगा। - जीरा, ईसबगोल और सौंफ आधारित प्रसंस्करण उद्योग लगाकर 10000 से अधिक रोजगार के अवसर बनेंगे।

## खबरें फटाफट

### राममयी हुआ कूण कस्बा ,जय श्री राम के जयकारों से भक्तिमय हुआ वातावरण



■ संजीवनी टुडे

लसाड़िया। लसाड़िया उपखंड क्षेत्र के कूण कस्बे में रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार कूण कस्बे में हनुमान मंदिर में रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा हनुमान मंदिर से शुरू होकर बस स्टैंड, मुख्य मार्ग, आजाद चौक, आजाद मौहल्ला, सदर बाजार, इलायची चौक, लोहार मौहल्ला, गांछा मौहल्ला होते हुए पुनः हनुमान मंदिर पहुंची। जहां हनुमान चालीसा व भजन के बाद भव्य आरती की गई। आरती के बाद महाप्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में महिलाएं पुरुष व बच्चे नाचते गाते चल रहे थे। भगवा ध्वज लिए बच्चे व पुरुष चल रहे थे। बड़ी संख्या में कस्बेवासी उपस्थित थे। सुरक्षा व्यवस्था में कूण थानाधिकारी प्रवीण सिंह शक्तावत मय जाब्ता मौजूद रहा।

### टीडी इलाके में सुखले में लगी आग को बुझाते वक्त झुलसी,उपचार के दौरान दम तोड़ा

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर।जिले के टीड़ी थाना क्षेत्र में सूखले में अचानक लगी आग को बुझा रही एक किशोरी आग की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई, जिसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार अनिता कुमारी पुत्री चतरा मीणा उम्र 16 निवासी टीड़ी जो मंगलवार को घर के पास ही खेत में या सूखला एकत्रित कर रही थी। इस दौरान सूखले में आग लग या गई। किशोरी ने आग लगती देखी तो वह आग बुझाने गई। आग पर बुझाने के दौरान अचानक हवा का रूख बदल कर इस किशोरी की ओर हो गया, जिससे इस किशोरी के कपड़ो ने आग पकड़ ली और और यह गंभीर रूप से झुलस गई। शोर मचाने पर परिजन आए और जहां आग बुझाकर गंभीर रूप से झुलसी किशोरी को स्थानीय पर चिकित्सालय लेकर गए, जहां से उदयपुर एमबी चिकित्सालय क रैफर कर दिया गया। जहां पर उपचार के दौरान इस किशोरी ने दम तोड़ दिया। सूचना पर एएसआई नानालाल ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### खेरवाड़ा में 10 मई को मनाया जाएगा परशुराम जन्मोत्सव, विप्र फाउंडेशन की बैठक में लिया निर्णय



■ संजीवनी टुडे

खेरवाड़ा। कस्बे के त्रिमेस भवन में मंगलवार रात 8.30 बजे विप्र फाउंडेशन की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता विप्र अध्यक्ष हरीश पानेरी ने की। बैठक में आगामी 10 मई को परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न आयोजनों को लेकर दायित्व सौंपे गए। इस दौरान शांतिलाल व्यास, रणछोड लाल व्यास, मनीष चौबीसा, सुरेश चंद्र व्यास, शांतिलाल व्यास, दिनेश व्यास, जय नारायण व्यास, शैलेश उपाध्याय, सचिव दिलीप कुमार व्यास, अमित व्यास, नरेंद्र कुमार शर्मा, दीपक उपाध्याय, कृष्णलाल रावल, मनीष उपाध्याय, लीलाधर व्यास, चंद्रेश मेहता, सुशील कुमार मेहता, देवकीनंदन मेहता, दीपक उपाध्याय, नाथूराम जोशी आदि विप्रजन मौजूद थे।

### फतहनगर के द्वारिकाधीश मंदिर के शिखर पर किया ध्वज परिवर्तन



■ संजीवनी टुडे

फतहनगर। धर्म नगरी फतहनगर के श्री द्वारिकाधीश मंदिर पर आज विधि विधान से शिखर पर ध्वज परिवर्तन किया गया। सुबह11.30 बजे भक्तों की उपस्थिति में ठाकुरजी के जयकारों के साथ ध्वजा परिवर्तन किया गया व चाँदी जड़ित हाथी ठाकुर जी को समर्पित किए गए। श्री द्वारिकाधीश व लड्डू गोपाल को स्वर्गीय पुरुषोत्तम लाल पालीवाल की जन्मतिथि के उपलक्ष्य में छप्पन भोग धराया गया। द्वारिकाधीश ट्रस्ट कमेटी के तत्वावधान में उक्त आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी सत्यनारायण पालीवाल द्वारा महा आरती की गयी।

# युवा उद्यमी राज चंपावत चीन की दस दिवसीय यात्रा पर, कम लागत वाले उत्पाद निर्माण तकनीक का करेंगे अध्ययन

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। लेकसिटी के प्रतिभावान युवा उद्यमी राज चंपावत इन दिनों फ़ेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एन्ड इंडस्ट्री (फोर्टी) के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ चीन यात्रा पर हैं। वे एशिया के सबसे बड़े एक्सपो केंटन फ़ेयर में हिस्सा लेने और उत्पाद निर्माण तकनीक के अध्ययन के उद्देश्य से पहुंचे हैं। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस 10 दिवसीय यात्रा का आयोजन फ्लोरेंट ग्रुप के निदेशक श्रेणिक चोपड़ा कर रहे हैं। उदयपुर से फोर्टी ब्रांच कमेटी चेयरमैन प्रवीण सुथार के साथ चीन पहुंचे जेएस इंडस्ट्री के युवा उद्यमी राज चंपावत इस व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ चीन की उस मैन्युफैक्चरिंग प्रणाली को समझने के लिए गए हैं जिसके तहत चीन में उत्पादन लागत कम आती है।

चंपावत ने बताया कि एक्सपो केंटन फ़ेयर में पूरी दुनिया से मशीनें और उपकरणों के साथ नई तकनीक का प्रदर्शन किया गया है और इसमें विशेष फोकस उन तकनीकों पर है जिनमें उत्पादन लागत कम से कम आती है। चंपावत ने चीन के इस एक्सपो केंटन फ़ेयर में अपने उद्यम से संबंधित कई निर्माण तकनीकों के बारे में चर्चा करते हुए अध्ययन किया है और जानकारी जुटाई है जिनके माध्यम से भारत में उत्पादन लागत कम की जा सकती है। फोर्टी ब्रांच कमेटी चेयरमेन व लोटर हाईटेक इंडस्ट्री के प्रवीण सुथार ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य है कि हम चीन से बेहतर मशीन



और उपकरण लगाकर राजस्थान के निर्यात को बढ़ा सकें और चीन से आयात पर निर्भरता कम की जा सके। इस दौरान एग्जीबिशन विजिट के साथ दूसरे देशों के व्यापारियों के साथ परस्पर व्यापार बढ़ाने के लिए कई बैठकें की जाएगी। इसके तहत चीन के ज़ुहाई शहर में दो दिवसीय व्यापारिक सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें विदेशी कंपनियों के साथ चर्चा कर उन्हें राजस्थान में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उदयपुर से इस दल में रिक्वायर बिजनेस कॉर्पोरेशन के मनीष भानावत,राठौड़ ट्रेडिंग कंपनी के शिवसिंह राठौड़, नवास इलेक्ट्रीकल प्राइवेट लिमिटेड के हितेश वीरवानी, सुखमानी प्लाइलम के नवदीपसिंह काकू और जेएस इंडस्ट्री के राज चंपावत ने केंटन फ़ेयर में प्रदर्शित मशीनों और उपकरणों के साथ इसकी कार्यप्रणाली को जानने में विशेष रूचि दिखाई है और संबंधित मैन्युफ़ेक्चरर्स से चर्चा की है।

## राम नवमी पर फतहनगर के मंदिरों में सजा छप्पनभोग, नवाह्नपारायण रामायण पाठ का हुआ समापन



■ संजीवनी टुडे

फतहनगर। राम नवमी पर बुधवार को अखाड़ा मंदिर एवं द्वारिकाधीश मंदिर में विशेष आयोजन किया गया। छप्पनभोग एवं रामजन्म के आयोजन में दोनों ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी। श्री लक्ष्मीनारायण अखाड़ा मंदिर, चंगेड़ी रोड़ पर 9 अप्रेल से चल रहे सामुहिक श्री नवाह्नपारायण रामायण पाठ के नवें दिन भरत मिलाप, राम राज्याभिषेक, अंगद प्रेम, काकभुशुण्डि संवाद के प्रसंगों का उत्साह के साथ पाठ किया गया। पाठ विराम के दिन नगर के पुरुष एवं महिला मानस प्रेमियों ने भक्तिमय प्रसंगों में डूबते हुए सामुहिक रूप से एक साथ बैठकर पाठ किया। आज पूजन, आव्हान सुबोध पाराशर द्वारा मंत्रोच्चार के साथ करवाया गया। मुख्य व्यासपीठ पर मानस पाठक राजुभाई (रामपायक), हरीश अग्रवाल एवं नटवर अग्रवाल द्वारा विराजित होकर उद्घोष के साथ सस्वर पाठ किया गया। आज दोपहर 12 बजे छप्पन भोग के साथ रामजन्म की आरती की गई। प्रभु का विशिष्ट श्रृंगार किया गया। नयनाभिराम सज्जित प्रभु की छवि को एकटक निहारने भक्तों की भीड़ रही। शाम 4 बजे से हवन, पूर्णाहुति, महाआरती एवं महा प्रसादी के साथ आयोजन को विराम दिया गया। इस पारायण में सहयोग के लिए आयोजकों एवं मंदिर विकास कमेटी ने सभी का आभार व्यक्त किया है। द्वारिकाधीश मंदिर में मंदिर विकास ट्रस्टके तत्वावधान में छप्पनभोग का आयोजन कर राम जन्मोत्सव मनाया गया।

## शहर में श्री रामचंद्र मिशन की तरफ से बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का 'द विजडम सेंटर

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। हार्टफुलनेस संस्थान के वैश्विक मार्गदर्शक और श्री रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष पद्मभूषण कमलेश डी पटेल 'दाजी' ने कहा है कि संपूर्ण धरा पर आदर्श मानव के प्रतिरूप में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम से बड़ा कोई और उदाहरण ही नहीं है। उनका जीवन हर व्यक्ति को अच्छा मानव बनने के लिए हमेशा ही प्रेरित करता रहता है। दाजी बुधवार को शहर के चित्रकूट नगर में आयोजित रामचंद्र मिशन की तरफ से बनाए जा रहे आश्रम व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ध्यान केन्द्र 'द विजडम सेंटर' के शिलान्यास समारोह को मुख्यालय कान्हा शांति वनम्, हैदराबाद से वर्चुअल रूप से संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने उदयपुर में रामनवमी के पावन मौके पर इस आश्रम की सौगात को ध्यानयोग जगत के लिए उपयोगी बताया और इसको धरातल पर लाने के लिए प्रत्यक्ष व परोक्ष सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि 'द विजडम सेंटर' का निर्माण कार्य 30 अप्रेल, 2025 तक पूर्ण हो जाएगा और हम सब इसी भवन में श्री राम चंद्र मिशन के संस्थापक समर्थ गुरु बाबूजी महाराज का जन्मदिन मनायेंगे। इस आश्रम के निर्माण से उदयपुर अंचल के अभ्यासियों द्वारा हार्टफुलनेस ध्यान करना संभव हो सकेगा। शिलान्यास समारोह से पूर्व दाजी ने मौजूद अभ्यासियों और शहरवासियों को वर्चुअल रूप में ध्यान अभ्यास कराया और कहा कि रामनवमी के मौके पर इस ध्यान केन्द्र का शिलान्यास हार्टफुलनेस आंदोलन को गति देने वाला साबित होगा। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राजपरिवार की निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने आश्रम की शिलाओं की पूजा-अर्चना कर विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने इस हार्टफुलनेस ध्यान को बुद्धि की प्रखरता व सजगता को बढ़ाने व तनाव मुक्ति का प्रबल माध्यम बताया तथा कहा कि इस आश्रम की स्थापना से मेवाड़ अंचल के हजारों अभ्यासियों के जीवन तनाव मुक्त और आनंददायी बनेगा। आरंभ में अतिथियों के यहां पहुंचने पर हार्टफुलनेस प्रशिक्षक एवं राजभवन के उप सचिव मुकेश पटेल, डॉ. राकेश दशोरा, मधु मेहता, आश्रम मैनेजर नरेन्द्र मेहता आदि ने स्वागत किया। समारोह को राजस्थान के रीजनल फैसिलिटेटर विकास मोघे, उदयपुर केन्द्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक डॉ केके सक्सेना ने भी संबोधित किया और द विजडम सेंटर के रूप में दाजी द्वारा दी गई सौगात के लिए आभार जताया। विशिष्ट अतिथि कान्हा हार्टफुलनेस मुख्यालय के प्रमुख आर्किटेक्ट विजय भाई व्यास ने बताया कि यह दाजी का ड्रीम प्रोजेक्ट है और लगभग 6.72 करोड़ से बनने वाले इस भवन की पांच मंजिले होंगी।

# श्रीराम के जयकारों के साथ गुंज उठा करावाडा

■ संजीवनी टुडे

नयागांव ।नयागांव उपखण्ड़ के ग्राम पंचायत करावाडा में राम नवमी के अवसर पर करावाडा,आडीवली,डेचरा,पहाड़ा,घाटी,थाण ा गांव श्रीराम के जयकारों से गुंज उठा।रामनवमी की पूर्व संध्या पर विशाल सुंदर कांठ,हनुमान चालीसा,भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें आस पास क्षेत्र के हजारों भक्तों ने भाग लिया। देर रात्री तक भजन संध्या में महिला पुरूषो ने श्रीराम के भजनों में नाचना गाना किया। बुधवार प्रातः 9 बजे करावाडा के राम मन्दिर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। पॉच बण्डों के धुन पर करावाडा का बाजार श्रीराम के जयकारों से गुंज उठा। पॉचों बैण्डों के धुन पर भक्त नाचते गाते और श्रीराम के जयकारे लगाते हुये चल रहे थे। माताजी मन्दिर पर भव्य आरती का अयोजन किया गया। इसके पश्चात शोभायात्रा डेचरा गांव के माताजी मन्दिर पर पहुँची। जहां पर धर्मसभा का आयोजन हुआ।



सभा को वनवासी कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचन्द खराड़ी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि आदिवासी समाज के लोगो को विदेशी ताकते लालच देकर बहला फुसलाकर धर्म परिवर्तन करना रही है। आदिवासी सनातन धर्म को मानने वाले लोग है। मगर उन्हे लोभ लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। हम सभी श्रीराम के भक्त है। सबरी का उदाहरण देते हुये कहा कि जब श्री राम ने सबरी के झुठ बेर खाये थे हम उनसे बढकर तो नही है। अहारी ने कहा कि विदेशी ताकते कितना भी जोर लगा दे जिन आदिवासीयों ने धर्म परिवर्तन किया है उन्हे हम वापस मुल धर्म हिन्दु मे लाकर रहेगे। कार्यक्रम बजरंग दल विभाग सह संयोजक भीमराज मीणा,पटेल समाज के राष्ट्रीय सयोजक पीएस पटेल,मणि देवी,पन्नालाल मीणा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नानालाल अहारी, पूर्व प्रधान अमृतलाल डामोर,ममता मीणा, दुर्गा, राकेश पटेल,रमेश पटेल, बाबुलाल पटेल, मोतीलाल अहारी, सतवीरसिंह चैहान,ललित जोशी,भरत तीरगर, ललित रावल, नवलसिह सिसोदिया,दशरथ पटेल, पप्पु पटेल,नितेश प्रजापत लाल भाई पटेल सहित हजारों कि संख्या में कार्यकत्रा उपस्थित थे।

# भजनों के माध्यम से गूंजेगी महावीर की वाणी, भक्ति संध्या में पहली बार स्थानीय प्रतिभाओं को ही मिलेगा मंच

### भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का 19 अप्रेल को सामूहिक नवकार महामंत्र जाप से होगा आगाज

■ संजीवनी टुडे

भीलवाड़ा। सकल श्वेताम्बर जैन समाज भीलवाड़ा की ओर से श्री भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के तत्वावधान में 19 से 21 अप्रेल तक होने वाले आयोजनों का आगाज 19 अप्रेल शुक्रवार को रात 8 से 9 बजे तक शांतिभवन में सामूहिक नवकार महामंत्र जाप के साथ होगा। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की पूर्व संध्या पर 20 अप्रेल शाम 7.30 बजे से चित्रकूटधाम में भव्य भजन संध्या ''एक शाम प्रभु महावीर के नाम'' का आयोजन होगा। महोत्सव समिति के संयोजक सुशील चपलोत ने बताया कि भजन संध्या में पहली बार किसी भी बाहरी गायकों की बजाय समाज की स्थानीय प्रतिभाओं को ही हजारों भक्तों के समक्ष अपनी प्रस्तुति देने का अवसर पर किया जा रहा है। इसमें समाज की मशहूर स्थानीय प्रतिभाओं के साथ ऑडिशन के माध्यम चयनित नवोदित प्रतिभाएं भजनों की प्रस्तुति देंगी। भजन संध्या समिति के संयोजक अनिल बुरड़ व सह संयोजक प्रकाश पीपाड़ा व संदीप हिंगड़ के नेतृत्व में तैयारियां अंतिम चरण में है। इसमें भीलवाड़ा के प्रसिद्ध भजन गायक गणेश सुराना, निर्मल सुतरिया, निशा हिंगड़, धर्मेन्द्र छाजेड़, अंकुर बम्ब, अपेक्षा पामेचा, ललिता मेहता, चेतना चपलोत के साथ ऑडिशन के माध्यम से चयनित नवोदित प्रतिभाओं में सीनियर वर्ग में वर्षा बाफना, प्रफुल्ल नाहर, आयुष सुराणा व नयन सेठ तथा जूनियर वर्ग में प्रीत जैन, दक्ष बड़ोला, सिद्धार्थ दुग्गड़, आर्यन हिंगड़ व जीविका चौरड़िया प्रस्तुति देंगे। महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजनों का आगाज 19 अप्रेल को रात 8 से 9 बजे तक शांतिभवन में सामूहिक नवकार महामंत्र जाप के साथ होगा। जाप आयोजन समिति के संयोजक सुनील पीपाड़ा व सह संयोजक प्रकाश बाबेल,गौरव तातेड़ आदि तैयारियों में जुटे हुए है। जाप में सकल श्वेताम्बर जैन समाज के हजारों श्रावक-श्राविकाएं शामिल होंगे। महोत्सव के तहत 20 अप्रेल को दोपहर एक बजे से शांतिभवन में भगवान महावीर पर प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रश्नमंच समिति की संयोजक जूली सूरिया, सह संयोजक मैना कांठेड़, अंजना मेहता आदि तैयारी में लगे हुए है।

प्रश्नमंच के साथ ही भगवान महावीर पर लघु नाटिका प्रस्तुति भी होगी। इसमें भगवान महावीर के जीवन से जुड़े प्रसंगों पर नाटिकाएं प्रस्तुत होगी। नाटिका प्रस्तुति की तैयारियां संयोजक राखी खमेसरा, सह संयोजक मधु मेड़तवाल, अमिता बाबेल आदि कर रहे है। महोत्सव समिति के उप संयोजक निर्मल गोखरू ने बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर 21 अप्रेल को सुबह 5.30 बजे से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभातफ़ेरियां निकाली जाएगी। सुबह 7 से 8 बजे तक श्री जैन श्वेताम्बर चिंतामणी पार्श्वनाथ मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का भव्य अभिषेक होगा। सुबह 8 बजे महावीर पार्क में ध्वजारोहण होगा। इसके बाद शहर के मुख्य मार्गो से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा चित्रकूटधाम पहुंच सम्पन्न होगी जहां सकल श्वेताम्बर जैन समाज का विशाल स्नेह भोज होगा जिसमें करीब 15 हजार समाजजनों की सहभागिता की उम्मीद है। इस अवसर पर चित्रकूटधाम में श्री महावीर युवक मण्डल सेवा संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। पीड़ित मानवता की सेवा के लिए इस शिविर में अधिकाधिक रक्तदान हो इसके लिए समिति के संयोजक शिविर संयोजक पुखराज चौधरी, सह संयोजक नितिन बापना आदि प्रयास कर रहे है। महोत्सव समिति के संरक्षक कंवरलाल सूरिया, महेन्द्र छाजेड़, जसराज चौरड़िया, विनोद बम्ब, आनंद पीपाड़ा, सह संयोजक योगेश चण्डालिया, ज्ञानमल सुराणा, गोपाल लोढ़ा, पारसमल कूकड़ा, कोषाध्यक्ष मुकेशकुमार डांगी, सह कोषाध्यक्ष नवरतनमल भलावत, प्रशासनिक समिति संयोजक मंजू पोखरना आदि के मार्गदर्शन में आयोजनों को सफल बनाने के लिए तैयारियां की जा रही है।

### होम वोटिंग द्वारा लोकतंत्र के त्यौहार में बढ़चढ़ कर भाग ले रहे बुजुर्ग एवं विषेश योग्यजन मतदाता



■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। लोकसभा चुनाव 2024 के तहत बुधवार को सेरिया, डांगीवाड़ा, अगाटिया, इंटाली पाल,बस्सी झुंझावत में होम वोटिंग की प्रक्रिया में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर लोकतंत्र के त्यौहार में भागीदार बनते हुए अपने-अपने घरों से मतदान किया और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रारंभ की गई इस सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया। बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। सलूम्बर विधानसभा में बीएलओ द्वारा थरोडा, रतनपुरा, हिकावाड़ा, बड़ावली, खेरकी, बस्सी झुंझावत, कपुरावतों का बाड़ा, वीरपुरा, खरबर, इंटाली खेड़ा, कांट, सराड़ा, डांगीवाडा, भाणपुर, थड़ा, उथरदा, झाड़ोल, केजड़, सल्लाड़ा, गुड़ियावाड़ा,डईला में मतदाता पर्चियों का वितरण किया गया। क्षेत्र में वोटर गाइड देकर व वोटर हेल्पलाइन एप्प के बारे में जानकारी देकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

### कोल्यारी में रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा



■ संजीवनी टुडे

कोल्यारी। ग्राम कोल्यारी के श्री राम बजरंग सेवा समिति के तत्वावधान में रामनवमी पर भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें नवीन रथ में रामदरबार बिराजमान थे, शोभायात्रा बांशिवाडा से प्रारंभ होकर जेतावाड़ा भगवा वाहिनी व श्री राम दरबार व अन्य झांकियों के साथ जाड़ा पिपला होते हुए चामुण्डा माताजी आई वहाँ से लोगरी माता जी का रथ भी विभिन्न झांकियों के साथ सम्मिलित हुआ,फिर लक्ष्मीनारायण मन्दिर पर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत कर मुख्य रथ के साथ पटवार मण्डल,सदर बाजर, तीन रास्ता होते हुए पुनः लक्ष्मीनारायण मन्दिर आई जहाँ महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया व लोगरी माता जी की झांकी को मंदिर की ओर ले जाया गया, रास्ते मे जगह जगह भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा की गई व नाचते झूमते सभी भक्त आनंद ले रहे थे,। यात्रा में महाबली हनुमानजी की झांकी सबके आकर्षण का केंद्र रही।

### सतरंगी सप्ताह का हुआ शुभारंभ



■ संजीवनी टुडे

भीलवाड़ा। भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार द्वितीय चरण में मतदान होने वाले जिलों में बुधवार 17 अप्रैल 2024 से सतरंगी सप्ताह (डेमोक्रेसी वीक) का शुभारंभ हुआ। भीलवाड़ा जिले के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूनगर और गुलमंडी विद्यालय की छात्राओं ने लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। सभी छात्रों, स्टाफ सदस्यों तथा सभी महिलाओं ने प्रथम दिवस की थीम बैंगनी रंग पर आधारित परिधानों में रंगारंग लोक नृत्य प्रस्तुत किया, तथा साथ ही मतदाता जागरूकता आधारित गीत 'आओ मतदान करें' तथा 'मतदान का त्यौहार है आया' आदि पर नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। इस कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रतन कुमार, उपखंड अधिकारी बनेड़ा श्रीकांत व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी योगेश चंद्र पारीक, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मांडल विनीत कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य नया समलिया राजेंद्र कुमार शर्मा,स्वीप टीम के प्रभारी तेजकरण बहेड़िया, राजकीय बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा लड्ढा ,स्वीप आइकॉन आरु नामा, तथा अन्य सदस्य आयुष सैनी, सुनीता जैन, कन्हैयालाल,मंजू छीपा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में एसडीएम बनेड़ा श्री श्रीकांत व्यास ने सभी को मतदाता जागरूकता संबंधित शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन जिला परिषद की स्वीप टीम की सह प्रभारी सुनीता नानकानी ने किया।

### रामनवमी पर चारभुजा नाथ को मस्तक पर धराया गोल्डन तिलक



■ संजीवनी टुडे

भीलवाड़ा। श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट के बडा मंदिर में चैत्र रामनवमी के विशेष पर्व के अवसर पर चारभुजा नाथ के मनमोहक श्रृंगार के लिए गोल्डन तिलक धराया गया ट्रस्ट की ओर से तैयार लाल कुंदन एवं सफ़ेद अमेरिकन डायमंड जड़ित दो तोले के गोल्डन तिलक एवं भौए अर्पित कये गए,रामनवमी के पावन अवसर पर विकास समदानी द्वारा विशेष रूप से आज के दिन गोल्डन तिलक एवं भौए तैयार करवा कर आज प्रातःमंगवाई गई ,जो रामनवमी के अवसर पर चारभुजा नाथ के स्वर्ण पोशाक के साथ मस्तक पर गोल्डन तिलक धराया गया, रामनवमी के अवसर पर गोल्डन तिलक के दर्शनों का विशेष महत्व रहा ट्रस्ट मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि इस बार रामनवमी के विशेष आयोजन पर षठरस व्यंजनों द्वारा तैयार छप्पन भोग इंजीनियर ओम प्रकाश हिंगड़ एवं समस्त परिवार जनों की ओर से लगाया गया ,ट्रस्ट अध्यक्ष उदयलाल समदानी ,ट्रस्ट संरक्षक रामेश्वर तोषनीवाल, ट्रस्टी राजेंद्र नुवाल की उपस्थिति में चारभुजा नाथ के ध्वजा अर्पण की गई।

### मतदान अधिकारी द्वितीय व तृतीय का प्रशिक्षण आज

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। लोकसभा आम चुनाव के तहत मतदान दलों मे शामिल मतदान अधिकारी द्वितीय एवं तृतीय का द्वितीय प्रशिक्षण गुरुवार 18 अप्रेल से माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय एवं राजकीय फतह उमावि में आयोजित होगा। मतदान दलों के डाक मतपत्र से मतदान के लिए दोनों की प्रशिक्षण स्थलों पर सुविधा केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण में भाग लेना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए जाने वाले कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

# महिला सशक्तिकरण: एक समग्र दृष्टिकोण



सशक्तिकरण, इस शब्द में ये अर्थ निहित है कि महिलाएं अशक्त हैं और उन्हें अब शक्तिशाली बनाना है । ऐसे में एक सवाल हमारे सामने पैदा होता है कि महिलाएं अशक्त क्यों है? क्या हम शारीरिक रूप से अशक्त होने की बात कर रहे हैं? या हम बौद्धिक स्तर की बात कर रहे हैं? या फिर हम जीवन के हर क्षेत्र में उनके अशक्त होने की बात कर रहे हैं फिर चाहे वो शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सामाजिक स्थिति का मुद्दा ही क्यो न हो ।

मेरा जहां तक मत है ,मुझे लगता है कि हमारी सामाजिक व्यवस्था महिलाओं के अधिकतर क्षेत्रों कमतर या पिछड़ी होने के लिए जिम्मेदार है। उनका पालन पोषण एक दोयम दर्जे के इंसान के रूप में किया जाता है। जिसके सिर पर जिम्मेदारियों का बोझ है। घर चलाने की जिम्मेदारी, घर की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी, बच्चों के पालन पोषण की जिम्मेदारी, घर में रहने वाले बड़े बुजुर्गों की देखभाल की जिम्मेदारी और कहीं कहीं तो आर्थिक तंगी होने की स्थिति में पति का हाथ उस क्षेत्र में भी बंटाने की अनकही जिम्मेदारी उनके कंधों पर होती है। हालांकि आज इस स्थिति में थोड़ा सा परिवर्तन आया है। बेटियों के पालन पोषण पर भी ध्यान दिया जा रहा है और जो वयस्क महिलाएं हैं उनके अंदर एक बड़ा परिवर्तन आया है। पिछले 20-25 सालों में वह हमारी उम्र की जो मांएं हैं, जिनके बच्चे इस समय 18-20 या 25 साल के लगभग हैं मैंने जो खास परिवर्तन देखा है उनके पालन पोषण में देखा है और महसूस किया है। ये बदलाव का समय था ।

मजे की बात यह है कि इन्हीं सालों में महिला सशक्तिकरण और महिला दिवस मनाने का चलन बहुत ज्यादा बढ़ गया है तो एक सीधा सा सवाल हमारे मन में आता है कि ये जो बदलाव आया है, जागरूकता आई है वो इन सशक्तिकरण अभियान और महिला दिवस मनाने से आई है या कि जागरूकता आने के कारण सशक्तिकरण का विचार आया? ये एक जटिल सवाल है। दरअसल दोनों ही बातें एक दूसरे से इस कदर जुड़ी हुई हैं कि हम इसे अलग कर के नहीं देख सकते। ये एक परस्पर निर्भर चक्र है। जागरूकता है तो प्रयास हैं और प्रयास हैं तो जागरूकता है पर फिर भी परिणाम संतोषजनक नहीं हैं।

जब तक महिला सशक्तिकरण को व्यक्तिगत रूप से देखा जाएगा तब तक वांछित परिणाम आ भी नहीं सकते। जिन परिवारों में महिलाओं की स्थिति पहले से बेहतर है, वो आर्थिक रूप से, सामाजिक रूप से और वैचारिक रूप से आत्मनिर्भर हैं उनका परम कर्त्तव्य हो कि अपने पूरे जीवन में वे कम से कम पांच अन्य महिलाओं के लिए भी इस दिशा में कुछ काम करें। कहीं कहीं सशक्तिकरण का आशय स्वतंत्रता समझा गया है और स्वतंत्रता का आशय पुरुषों के अधिकार क्षेत्र में प्रवेश या उनके द्वारा किए जाने वाले काम करने से लिया गया जो कि सर्वथा गलत है और भटकाव ही सिद्ध हुआ।

महिला सशक्ति तब है जब वो अपनी योग्यता और क्षमता और इच्छा के अनुसार पढ़ सके, धनोपार्जन कर सके। परिवार में सभी, सभी यानि कि पुरुष सदस्य भी उसके साथ पारिवारिक जिम्मेदारियों को वहन करें। महिला सशक्त तब है जब उसके साथ परिवार का प्रेम और सुरक्षा भी हो। किसी भी प्रकार के सशक्तिकरण के लिए पुरुष विरोधी होना आवश्यक नहीं है पर इसके लिए पुरुषों की मानसिकता में बदलाव लाना बेहद आवश्यक है। घर की बड़ी बूढ़ी महिलाएं ही इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। यानि घूम फिर कर गेंद महिलाओं के पाले में ही आ गिरती है। महिलाओं के सशक्तिकरण की राह में हमारे अंधविश्वास, रूढ़ियां, सामाजिक व्यवस्था और मानसिकता ही सबसे बड़ी बाधा है और इन सबका पीढ़ी दर पीढ़ी पालन और हस्तांतरण भी महिलाओं द्वारा किया जाता है। अगर महिलाएं इनमें कुछ बदलाव करके इसे अगली पीढ़ी को सौंपती हैं तो धीरे धीरे बदलाव आता जाता है। इसमें सबसे बड़ी बाधा है 'लोग क्या कहेंगे'? पर सच बात तो आज यही है कि लोग तो इंतज़ार कर रहे होते हैं कि कोई कुछ नया बेहतर करे, परंपरा तोड़े तो सबके लिए रास्ता खुले, बस इसी हिम्मत और पहल की आवश्यकता है।

मैं यहां एक उदाहरण देना चाहूंगी । एक महिला हैं, उम्र है कोई साठ साल, जे एल एफ में जाती थीं। वहीं से पढ़ने लिखने का शौक हुआ। अपने शहर के एक बड़े व्यापारिक घराने से हैं। अभी हाल ही में उन्होंने कविता लिखना शुरू किया है। परिवार ने हंसी उड़ाई। फिर भी वो लिखती रहीं। फिर उन्होंने अपनी पुस्तक छपवानी चाही।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# चुनौतियों से भरा रहेगा चंद्रा का कार्यकाल



मुख्य चुनाव आयुक्त पद से सुनील अरोड़ा के सेवानिवृत्त होने के बाद 63 वर्षीय चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त बन गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा 11 अप्रैल को निर्वाचन आयोग के सबसे बड़े पद के लिए उनके नाम को स्वीकृति दी गई थी, जिसके बाद अगले दिन 12 अप्रैल को केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा उन्हें भारत का मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। अभी तक की परम्परा के अनुसार देश के तीन निर्वाचन आयुक्तों में से सबसे वरिष्ठ आयुक्त को ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाया जाता है और उसी आधार पर चंद्रा की नियुक्ति इस पद पर हुई है। 13 अप्रैल को देश के 24वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) का पदभार संभालते हुए सुशील चंद्रा ने सुनील अरोड़ा का स्थान लिया लेकिन इसी के साथ उनके लिए चुनौतियों का दौर शुरू हो गया है। बतौर मुख्य चुनाव आयुक्त वर्तमान समय में उनकी जिम्मेदारी कई गुना बढ़ गई है क्योंकि देश में पांच विधानसभा चुनावों के मौजूदा दौर में आए दिन चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर सवालिया निशान लगते रहे हैं और ऐसे में आयोग की लगातार धूमिल होती छवि में सुधार करना उनके कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी होगी। चंद्रा 14 मई 2022 तक इस पद आसीन रहेंगे लेकिन यह तय है कि उनका करीब एक वर्ष का यह कार्यकाल चुनौतियों से भरा रहेगा।

निर्वाचन आयुक्त से मुख्य चुनाव आयुक्त बने चंद्रा की इस पद पर नियुक्ति और सुनील अरोड़ा की सेवानिवृत्ति के बाद चुनाव आयोग में अब केवल दो ही सदस्य रह गए हैं, सुशील चंद्रा तथा चुनाव आयुक्त राजीव कुमार। चुनाव आयुक्त का एक पद फिलहाल रिक्त है, जिस पर शीघ्र नियुक्ति होनी है। दरअसल वर्तमान में आयोग में कुल तीन सदस्य होते हैं, एक मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त। हालांकि 1950 में जब निर्वाचन आयोग का गठन हुआ था, तब से लेकर 15 अक्तूबर 1989 तक निर्वाचन आयोग मुख्य निर्वाचन आयुक्त सहित केवल एकल सदस्यीय निकाय ही था। 16 अक्तूबर 1989 से 1 जनवरी 1990 तक निर्वाचन आयोग तीन-सदस्यीय निकाय बना, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त आरवीएस शास्त्री तथा दो चुनाव आयुक्त एसएस धनोवा और वीएस सहगल शामिल थे। उसके बाद 2 जनवरी 1990 से 30 सितम्बर 1993 तक निर्वाचन आयोग पुनः एकल सदस्यीय निकाय बना रहा। 1 अक्तूबर 1993 से निर्वाचन आयोग फिर से तीन सदस्यीय निकाय बन गया और तभी से यह तीन सदस्यीय निकाय ही है, जिसके मौजूदा मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुभाष चंद्रा बने हैं। भारतीय राजस्व सेवा (आयकर कैडर) के 1980 बैच के अधिकारी रहे चंद्रा देश के दूसरे ऐसे आईआरएस अधिकारी हैं, जो भारतीय निर्वाचन आयोग के इस सर्वोच्च पद पर आसीन हुए हैं। उनसे पहले आईआरएस अधिकारी टी एस कृष्णमूर्ति भारत के पहले ऐसे मुख्य चुनाव आयुक्त बने थे। तब तक यह पद प्रायः आईएएस अधिकारियों के पास ही रहा था। कृष्णमूर्ति ने फरवरी 2004 से मई 2005 तक चुनाव आयोग के शीर्ष पद पर अहम जिम्मेदारी निभाई थी।

**विचार बिन्दु**

**मौजूदा समय में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए देश को शेषन जैसे ही ऐसे कर्त्तव्यपरायण सख्त मिजाज चुनाव आयुक्तों की जरूरत महसूस हो रही है, जो किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव के समक्ष घुटने टेकते प्रतीत न हों और जनता के समक्ष अपने हर फैसलों से ऐसी मिसाल पेश करें, जिससे उनके किसी भी फैसले पर किसी भी तरह की उंगली उठने की गुंजाइश ही न रहे और देश का प्रत्येक नागरिक आयोग के हर निर्णय पर आंख मूंदकर भरोसा जता सके।**



योगेश कुमार गोयल

15 मई 1957 को उत्तर प्रदेश में जन्मे सुशील चंद्रा आईआईटी रूड़की से बी-टेक और डीएवी देहरादून से एलएलबी करने के बाद भारतीय इंजीनियिरिंग सेवा में आए और 1980 में भारतीय राजस्व सेवा में चयनित हुए। आईआरएस अधिकारी रहते वे उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली सहित कई राज्यों में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर तैनात रहे। इंटरनेशनल टैक्सेशन का अच्छा जानकार माने जाते रहे सुशील चंद्रा गुजरात में महानिदेशक (इन्वेस्टिगेशन) तथा महाराष्ट्र में डायरेक्टर पद पर तैनात रहे। करीब 39 वर्षों तक आयकर विभाग में विभिन्न पदों पर रहे चंद्रा 1 नवम्बर 2016 को कर की सर्वोच्च नियामक संस्था 'केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड' (सीबीडीटी) के चेयरमैन बने। अपने उस कार्यकाल के दौरान उन्होंने काले धन की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए थे। उनके नेतृत्व में 2017 में सीबीडीटी ने 'ऑपरेशन क्लीन मनी' अभियान शुरू किया था। वे 18 फरवरी 2020 से परिसीमन आयोग के पदेन सदस्य भी हैं और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में प्रक्रियाओं को देख रहे हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टैक्सेशन और इन्वेस्टिगेशन के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्य किया है। 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले 14 फरवरी 2019 को उन्हें निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया था और यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालने से पहले वह सीबीडीटी के अध्यक्ष थे। चुनाव आयुक्त बनने के बाद उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा तथा पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक लवासा के साथ मिलकर उसी वर्ष सफलतापूर्वक लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराए थे।

हालांकि पिछले दो साल से चंद्रा बतौर चुनाव आयुक्त भारतीय निर्वाचन आयोग का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं लेकिन इस समय पांच राज्यों में हो रहे चुनावों के दौरान जिस प्रकार चुनाव आयोग की निष्पक्षता और कार्यप्रणाली पर कदम-कदम पर सवाल उठते रहे हैं, ऐसे माहौल में निर्वाचन आयोग के मुखिया की कुर्सी पर आसीन होने के बाद आयोग की निष्पक्षता बहाली उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है। दरअसल निर्वाचन आयोग को भले ही एक स्वतंत्र संस्था माना जाता रहा है लेकिन हकीकत यही है कि 1990 के दशक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएन शेषन के कार्यकाल को अपवादस्वरूप छोड़ दिया जाए तो इस स्वायत्त संस्था पर सदैव आरोप लगते रहे हैं कि यह केन्द्र सरकार के दबाव में काम करती है। वर्षों से देश की जनता टीएन शेषन जैसे ही चुनाव आयुक्त का इंतजार कर रही है, जो अपनी निष्पक्षता, ईमानदारी और कड़ाई को लेकर सत्ता पक्ष सहित तमाम राजनीतिक दलों के गले की हड्डी बन गए थे और चुनाव आयोग की गरिमा को चार चांद लगाए थे। 12 दिसम्बर 1990 से 11 दिसम्बर 1996 तक के शेषन के कार्यकाल को चुनाव आयोग के इतिहास में एक मिसाल के तौर पर याद किया जाता है। दरअसल उन्होंने अपने कार्यकाल में निष्पक्ष और स्वच्छ चुनाव सम्पन्न कराने के लिए तमाम नियमों का कड़ाई से पालन कराया था, जिसे लेकर तत्कालीन केन्द्र सरकार और दूसरी पार्टियों के कई नेताओं के साथ उनके कई विवाद भी हुए थे लेकिन उन्होंने राजनीतिक दबावों के समक्ष झुकने के बजाय चुनाव आयोग की ऐसी गरिमामयी छवि बना दी थी, जिसकी उस समय तक केवल कल्पना ही की जाती थी।

मौजूदा समय में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए देश को शेषन जैसे ही ऐसे कर्त्तव्यपरायण सख्त मिजाज चुनाव आयुक्तों की जरूरत महसूस हो रही है, जो किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव के समक्ष घुटने टेकते प्रतीत न हों और जनता के समक्ष अपने हर फैसलों से ऐसी मिसाल पेश करें, जिससे उनके किसी भी फैसले पर किसी भी तरह की उंगली उठने की गुंजाइश ही न रहे और देश का प्रत्येक नागरिक आयोग के हर निर्णय पर आंख मूंदकर भरोसा जता सके। फिलहाल चल रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सुनील चंद्रा की असली अग्नि परीक्षा अगले साल देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखण्ड, पंजाब, गोवा तथा मणिपुर में होने वाले विधानसभा चुनावों को बेहतर ढ़ंग से बिना किसी विवाद के सम्पन्न कराने की होगी। देखना होगा, सुशील चंद्रा चुनाव आयोग की छवि सुधारने में सफल होंगे या अपना छोटा सा कार्यकाल पूरा कर पूर्ववर्ती आयुक्तों की भांति खामोशी के साथ विदा हो जाएंगे।

# नर्मदा भारत की एकमात्र ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है

पुण्यसलिला मेकलसुता मां नर्मदा, जिनके पुण्य प्रताप से हर कोई परिचित है। वैसे तो आमतौर अनेक नदियों से कोई न कोई कथा जुड़ी हुई है, लेकिन मां नर्मदा इनमें सबसे भिन्न हैं। यह एकमात्र ऐसी नदी है जिसका पुराण है। यह एकमात्र ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। बड़े-बड़े ऋषि मुनि नर्मदा के तटों पर गुप्त तप करते हैं। मान्यता है कि एक बार क्रोध में आकर इन्होंने अपनी दिशा परिवर्तित कर ली और चिरकाल तक अकेले ही बहने का निर्णय लिया। ये अन्य नदियों की तुलना में विपरीत दिशा में बहती हैं। इनके इस अखंड निर्णय की वजह से ही इन्हें चिरकुंआरी कहा जाता है। यहां हम आपको नर्मदा मैया से जुड़े कुछ ऐसे तथ्यों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनके बारे में साधारणतः जानना संभव नहीं होता।

पुराणों में ऐसा बताया गया है कि इनका जन्म एक 12 वर्ष की कन्या के रूप में हुआ था। समुद्र मंथन के बाद भगवान शिव के पसीने की एक बूंद धरती पर गिरी जिससे मां नर्मदा प्रकट हो गईं। इसी वजह से इन्हें शिवसुता भी कहा जाता है। चिरकुंआरी मां नर्मदा के बारे में कहा जाता है कि चिरकाल तक मां नर्मदा को संसार में रहने का वरदान है। ऐसा उल्लेख मिलता है कि भगवान शिव ने मां रेवा को वरदान दिया था कि प्रलयकाल में भी तुम्हारा अंत नहीं होगा। अपने निर्मल जल से तुम युगों-युगों तक इस समस्त संसार का कल्याण करोगी। मध्य प्रदेश के खूबसूरत स्थल अमरकंटक अनूपपुर से मां नर्मदा का उद्गम स्थल है। यहां ये एक छोटी-सी धार से प्रारंभ होकर आगे बढ़ते हुए विशाल रूप धारण कर लेती हैं।



यह स्थान अद्भुत दृश्यों के लिए भी जाना जाता है। इसी जगह पर मां रेवा का विवाह मंडप आज भी देखने मिलता है। पुराणों के अनुसार अपने प्रेमी सोनभद्र से क्रोधित होकर ही इन्होंने उल्टा बहने का निर्णय लिया और गुस्से में अपनी दिशा परिवर्तित कर ली। सोनभद्र और सखी जोहिला ने बाद में इनसे क्षमा भी मांगी, किंतु तब तक नर्मदा दूर तक बह चुकी थी। अपनी सखी के विश्वास को खंडित करने की वजह से ही जोहिला को पूज्यनीय नदियों में स्थान नहीं दिया गया है। सोन नदी या नद सोनभद्र का उद्गम स्थल भी अमरकंटक ही है। वैसे तो मां नर्मदा को लेकर अनेक मान्यताएं हैं लेकिन ऐसा बताया जाता है कि जो भी भक्त पूरी निष्ठा के साथ इनकी पूजा व दर्शन करते हैं उन्हें ये जीवनकाल में एक बार दर्शन अवश्य देती हैं। जिस प्रकार गंगा में स्नान का पुण्य है उसी प्रकार नर्मदा के दर्शन मात्र से मनुष्य के कष्टों का अंत हो जाता है। अन्य नदियों से विपरीत नर्मदा से निकले हुए पत्थरों को शिव का रूप माना जाता है। ये स्वयं प्राणप्रतिष्ठित होते हैं अर्थात नर्मदा के पत्थरों को प्राण प्रतिष्ठित करने की आवश्यकता नहीं होती। इसी कारण देश में ही नहीं विदेशों में भी नर्मदा से निकले हुए पत्थरों की शिवलिंग के रूप में सर्वाधिक मान्यता है। ऐसी पुरातन मान्यता है कि गंगा स्वयं प्रत्येक साल नर्मदा से भेंट एवं स्नान करने आती हैं। मां नर्मदा को मां गंगा से भी अधिक पवित्र माना गया है कहा जाता है कि इसी वजह से गंगा हर साल स्वयं को पवित्र करने नर्मदा के पास पहुंचती हैं। यह दिन गंगा दशहरा का माना जाता है।

## आज का इतिहास



### 18 अप्रेल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1955 बांडुंग में अफ़्रीकी-एशियाई सम्मेलन; प्रसिद्ध वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टाइन का देहावसान।

1994 वेस्टइंडीज के बल्लेबाज़ ब्रायन लारा ने 375 रन बनाकर टेस्ट मैच की एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकार्ड बनाया।

1999 ब्रिटेन की प्रमुख उपन्यासकार, जीवनीकार और सम्पादक मैरी बुलिंस का 90 वर्ष की आयु में निधन।

2001 भारतीय सीमा में घुस आई बांग्लादेश की सेना की गोलीबारी से भारत के 16 जवान शहीद।

2002 1973 से इटली में निवास कर रहे अफ़ग़ानिस्तान के पूर्व शासक मोहम्मद जहीर शाह काबुल लौटे।

2005 भारत मुम्बई स्थित जिन्ना हाउस पाकिस्तान को देने पर सहमत।

2006 राबिन हुड का शहर नाटिंघम लूटग्रस्त शहर घोषित।

2008 इंफोसिस टैक्नोलाजी ने विकास एवं मरम्मत सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए अमेरिका की कॉनसेको के साथ पाँच वर्ष के लिए क़रार किया।
अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने जानलेवा इंजेक्शन के ज़िरये सज़ा-ए-मौत को वैध ठहराया। पाकिस्तान ने भारतीय क़ैदी सबरजीत सिंह की फ़ांसी की सज़ा को एक महीने के लिए टाला। भारत और मैक्सिको ने नागरिक उड्डयन व ऊर्जा के क्षेत्र में नये समझौते किए।

# अमेरिका के कठोर कदम से रूस और अमेरिका के बीच बढ़ा तनाव

**विचार बिन्दु**



संजीव ठाकुर

**निश्चित तौर पर कुछ ना कुछ जवाबी कार्यवाही का प्रयास जरूर करेंगे, अब जबकि भारत के पिछले सात सालों से अमरीकी सरकार से अच्छे संबंध हो गए हैं।**

परंपरागत रूप से अमेरिका और रूस महाशक्ति बनने की होड़ में एक दूसरे के कट्टर विरोधी रहे हैं। रूस एशिया और खासकर चाइना, भारत को अपने साथ में रखकर अमेरिका जैसी महाशक्ति को हमेशा संतुलित करने का प्रयास करता रहा है। क्योंकी यूरोपीय देश तथा ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और कनाडा अमेरिका के प्रभाव में रहे हैं,और संयुक्त राष्ट्र संघ में स्थाई सदस्य अमेरिका का सदैव साथ देते रहे हैं, ऐसे में अचानक जो बाइडेन सरकार ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में रूस के डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में हस्तक्षेप को लेकर रूस के दस राजनयिकों को निष्कासित कर दिया है।

इसके बाद अमेरिका राष्ट्रपति ने रूस के व्लादिमीर पुतिन को वार्ता का प्रस्ताव भी रखा है, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन चुनाव जीतने के बाद रूस की अमेरिकी चुनाव में दखलंदाजी से रुष्ट होकर बयान भी जारी करते रहे है। पर 10 राजनयिकों को अचानक निकाले जाने की यह एक बड़ी कार्रवाई है। जिससे अमेरिका तथा रूस के बीच संबंधों में काफी खटास एवं बेरुखी आ सकती है।यह उल्लेखनीय है की दोनों देश के अधिकारियों ने आगामी शिखर सम्मेलन की संभावनाओं पर गहन विमर्श किया था। अमेरिका ने रूस की दखल अंदाजी एवं संघीय एजेंसियों को हैक करने के प्रमाण प्राप्त होने के बाद दोषी ठहराते हुए इन राजनयिक को अमेरिका से बाहर कर दिया है, इसके अलावा रूस की कई कंपनियां और संस्थाओं से संबंधित 30 लोगों पर प्रतिबंध भी आरोपित कर दिया है।

निष्कासन और प्रतिबंध के आदेश के दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के बाद व्हाइट हाउस से अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि रूस के व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर चर्चा कर दोनों देशों के समक्ष आये कई मुद्दों पर समाधान के लिए आगामी समय में यूरोप में शिखर सम्मेलन का प्रस्ताव भी पेश किया है। अमेरिका और रूस के साथ हथियारों के नियंत्रण एवं सुरक्षा क्षेत्र के सहयोग हेतु सामरिक स्थिरता शांति और सौहार्द्र के लिए वार्ता शुरू करना चाहती है ।इसी तरह ईरान और उत्तरी कोरिया में परमाणु संकट तथा अंतर्राष्ट्रीय महामारी कोविड-19 के विरुद्ध अमेरिका, रूस के साथ मिलकर काम करने की जरूरत पर भी वार्ता करना चाहता है। मूलता अमेरिका यूक्रेन की सीमा और क्रिमिया में रूसी सैनिकों के निर्माण कार्य पर भी काफी चिंतित है।

अमेरिका और रूस की यह प्रतिद्वंदिता लंबे समय से किन्ही कारणों को लेकर हमेशा बनी रहती आई है।रूस तथा अमेरिका एक दूसरे पर आरोप लगाने के कारणों के प्रमाण की तलाश में रहते हैं, एवं एक दूसरे पर आरोप लगाने से कभी नहीं चूकते।मूलत वैश्विक स्तर पर दोनों देश अपनी बादशाहत साबित करने के लिए अपनी अपनी शक्तियों का इजाफा कर अन्य देशों को अपने बाहुबली होने का प्रमाण देने की कोशिश करते हैं। जिससे उन देशों का समर्थन प्राप्त कर सकें, गौरतलब है कि भारत को फौरी तौर पर शांति की पहल कर दोनों देशों के लिए मध्यस्था करवा कर शांति स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए यह प्रयास इसलिए भी आवश्यक है की कोविड-19 की दूसरी लहर से भारत इस बार बहुत ज्यादा प्रभावित तथा संक्रमित है इस स्थिति में वैश्विक स्तर पर शांति स्थापित करना ही सबसे बड़ा विकल्प होगा, पर जो बाइडेन के इस बड़े कदम से जाहिर है की व्लादीमीर पुतिन कतई प्रसन्न नहीं होंगे।

निश्चित तौर पर कुछ ना कुछ जवाबी कार्यवाही का प्रयास जरूर करेंगे, अब जबकि भारत के पिछले सात सालों से अमरीकी सरकार से अच्छे संबंध हो गए हैं, एवं कई सामरिक समझौते भी हुए हैं, शांति और सौहार्दता के कई पायदान पर दोनों देश काफी आगे बढ़ चुके हैं। ऐसे में भारत के सामने हमेशा धर्म संकट बना रहता है कि वह अमेरिका का समर्थन करे या अपने परंपरागत मित्र रूस का, यह समस्या हमेशा भारत के सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ी रहती है। रूस यदि अमेरिका के इस कदम का घोर विरोध करता है तो उसमें वैश्विक शक्ति संतुलन बिगड़ने की संभावना दिखाई देती हैद्य ऐसे में भारत को बड़े विवेक से ही शांति प्रस्तावक की भूमिका पर अपने कदम आगे बढ़ाने होंगे।

# धूंए-धूंए में जिंदगी

## नुकसानदायक केमिकल

तंबाकू में चार हजार से ज्यादा नुकसानदायक केमिकल पाए जाते हैं। सिगरेट में 40 ऐसे रसायन हैं, जो कैंसर की वजह बनते हैं।

**निकोटिन:** यह लत लगाने वाला केमिकल है। काफी शक्तिशाली है और तेजी से रिऐक्शन करता है। सिगरेट की लत इसी की वजह से लगती है।

**बेंजीन:** इसमें कोयला और पेट्रोलियम जैसे ज्वलनशील पदार्थों का गुण होता है। यह सिगरेट के जले रहने में मदद करता है। इसकी वजह से ल्यूकेमिया हो सकता है।

**फॉर्मल्डिहाइड:** काफी जहरीला होता है। इसका इस्तेमाल शवों को सुरक्षित रखने में किया जाता है। इसकी वजह से कैंसर होने का खतरा रहता है।

**अमोनिया:** टॉयलेट क्लीनर और ड्रायक्लिनिंग लिक्विड में इस्तेमाल किया जाता है। यह तंबाकू से निकोटिन को अलग कर गैस में बदल देता है।

**एसिटोन:** इसका इस्तेमाल नेल पॉलिश हटाने में होता है। इसमें ज्वलनशील गुण होता है जो फेफड़ों को काफी नुकसान पहुंचाता है।

**टार:** स्मोकिंग के समय धुएं के रूप में यह फेफड़े में जमा होता है। स्मोकिंग के दौरान जितनी टार बनती है, उसका 70 फीसदी फेफड़ों में जमा होता है। आर्सेनिक (चूहे मारने का जहर), हाइड्रोजन साइनाइड जैसे काफी जहरीले रसायन भी होते हैं।

## पनपता खतरा



एक सिगरेट में 9 मिग्रा निकोटीन होता है, जो जलकर 1 ग्राम रह जाता है। निकोटीन सीधा शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता लेकिन यह सैकड़ों केमिकल के साथ रिएक्शन कर टार बनाता है। यह टार फेफड़ों के ऊपर परत के रूप में चढ़ जाता है और बाद में उन्हें खत्म करने लगता है। अलग-अलग सिगरेट में निकोटीन का स्तर अलग-अलग होता है। सूखे हुए एक ग्राम तंबाकू में निकोटीन का स्तर 13.7 से 23.2 मिलीग्राम तक होता है। तंबाकू में कई तरह के कार्सिनोजिन तत्व पाए जाते हैं जो कैंसर के कारण बनते हैं। धूम्रपान से लंग, मुंह, गला, कंठ, श्वासनली का कैंसर होने के चांस बढ़ जाते हैं। तंबाकू, खैनी, पान मसाला, गुटखा आदि के सेवन से भी इन अंगों के कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। हालांकि कितने दिनों तक इसके इस्तेमाल से कैंसर हो सकता है, इस बारे में साफतौर पर नहीं कहा जा सकता। जब कोई स्मोकिंग करता है तो गाल की अंदरूनी परत पर और फेफड़े में निकोटीन अवशोषित हो जाता है। इसकी लत कोकन या हेरोइन की लत से कम नहीं होती। नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ड्रग ऐब्यूज के अनुसार कैंसर के जितने मामले होते हैं, उसके एक तिहाई स्मोकिंग करने वालों से जुड़े होते हैं स्मोकिंग करने से फेफड़े की बीमारियां होती हैं और दिल की बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है धूम्रपान न करने वालों के मुकाबले इसे करने वालों की उम्र सामान्य से 14 साल कम हो जाती है।



**हैल्थ संवाददाता**

**तंबाकू और धूम्रपान की लत ने कब हमारे जीवन में जगह बना ली, पता तक नहीं चल पाता। कभी दूसरे को देखकर, तो कभी बुरी संगत में आकर लोग सिगरेट, गुटखा, तंबाकू व दूसरी नशीली चीजों को साथी बना लेते हैं। इन्हें लेने वालों को लगता है कि इन चीजों ने उनकी जिंदगी आसान बना दी है। कई बार कम उम्र में ही खुद को बड़ों जैसा महसूस करने की ख्वाहिश में धुएं के छल्ले उड़ाने की ललक भी इस दलदल में धकेल देती है। जब इससे परेशानी होने लगती है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। हर कश स्वस्थ जीवन पर जुल्म ढाता है। हर पुड़िया में जिंदगी घुल रही है। तंबाकू की हर चुटकी जिंदगी को चाट रही है। इस मौके पर क्यों न ठान लें कि तंबाकू और धूम्रपान की इस लत से छुटकारा पाना ही है।**

## निकोटिन की लत के लक्षण

अगर नीचे दिए गए लक्षण नजर आने लगें तो समझ लेना चाहिए कि इंसान को निकोटिन की लत लग चुकी है। भूख कम महसूस होना। अधिक लार और कफ बनना। प्रति मिनट दिल की धड़कन 10 से 20 बार बढ़ जाती है तो यह लत का लक्षण है। छोटी बात पर भी बेचैनी महसूस होना। ज्यादा पसीना आना और उल्टी-दस्त होना। हर काम करने के लिए तंबाकू की जरूरत महसूस होना। निकोटिन लेने की इच्छा बढ़ जाना। चिंता बढ़ना, अवसाद, निराशा आदि महसूस होना। सिर दर्द होना और ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत होने लगे तो भी इसे निकोटिन की लत का लक्षण माना जाता है।

## कैसे बनते हैं चेन स्मोकर

जब कोई सिगरेट या बीड़ी पीता है तो ब्रेन में लगभग 10 सेकंड और उसके बाद सेंट्रल नर्वस सिस्टम में 5 मिनट तक निकोटिन का असर रहता है। हालांकि स्मोकिंग करने से थोड़ी देर के लिए काम करने की क्षमता बढ़ती है, लेकिन बाद में शरीर सुस्त होने लगता है। धीरे-धीरे काम करने की क्षमता कम होती जाती है और फिर धूम्रपान की जरूरत महसूस होती है। बार-बार इस तलब को मिटाने की कोशिश में इंसान चेन स्मोकर हो जाता है।

## हर्बल सिगरेट

धूम्रपान छोड़ने के लिए हर्बल सिगरेट की भी मदद ली जा सकती है। आयुर्वेदिक दवाएं बनाने वाली कंपनियां हर्बल सिगरेट बना रही हैं। इनमें पुदीना, वाइल्ड लेटिस (सलाद पत्ता), कैट्निप (एक प्रकार की सुगंधित वनस्पति), कमल के पत्ते, मक्के के रेशे, मुलेठी की जड़ें आदि के सूखे चूर्ण का इस्तेमाल होता है।

## सिगरेट छुड़ाने के वैकल्पिक तरीके

ई-सिगरेट के मामलों से जुड़े विशेषज्ञ अंकित गौड़ का कहना है कि इससे शत-प्रतिशत निकोटिन के जीरो लेवल तक पहुंच जाने का दावा तो नहीं किया जा सकता, लेकिन सिगरेट छोड़ने में इससे मदद जरूर मिलती है। इसमें कार्टेज में अलग-अलग स्तर में निकोटिन डाला जाता है। एक अध्ययन से पता चलता है कि जब कोई सिगरेट की 15 कश लेता है तो उसके अंदर 1 से 2 मिलीग्राम निकोटिन जमा होता है, जबकि ई-सिगरेट में 16 मिलीग्राम निकोटिन वाले कार्टेज का इस्तेमाल करने से इतनी ही कश लेने पर 0.15 मिलीग्राम निकोटिन जमा होता है। स्वास्थ्य के लिहाज से यह तरीका भी सही नहीं है क्योंकि इसके जरिए भी निकोटिन तो शरीर में जाता ही है। इसकी मदद से निकोटिन के स्तर को कम किया जा सकता है और धीरे-धीरे कोई स्मोकर निकोटिन के जीरो लेवल तक पहुंच सकता है। पान की दुकानों पर, दवा की दुकानों पर और इंटरनेट के जरिए इसे खरीदा जा सकता है। पूरी किट 1 से 2 हजार तक मिल जाती है। इससे इतनी कीमत में लगभग 500 सिगरेट पी जा सकती हैं।

**मुद्रा, ध्यान और योगाभ्यास:** किसी प्रकार की लत होने से व्यक्ति का आत्मविश्वास कमजोर होने लगता है। सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, पान मसाला जैसे नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले भी अगर मुद्रा, ध्यान और योगाभ्यास करते हैं तो उनका आत्मबल बढ़ता है। ऐसे में इन लतों को त्याग पाने की इच्छा शक्ति उनके अंदर पैदा होती है।

# सेहत को धुएं में उड़ाती ई-सिगरेट

यूं तो ई-सिगरेट का इस्तेमाल सिगरेट छोड़ने वाले लोग एक माध्यम के तौर पर करते हैं, लेकिन भारत में बिना किसी नियम-कानून के चलते, दिन दोगुनी और रात चौगुनी गति से बढ़ रहा यह बाजार अब पूरी तरह से बेलगाम हो गया है। आलम यह है कि अभी तक सिगरेट छुड़ाने के लिए इलाज के एक माध्यम के रूप में बाजार में मिलने वाली यह ई-सिगरेट, नए तरह का नशा बनकर उभर रही है। डॉक्टरों के अनुसार बाजार में मिलने वाली ई-सिगरेट्स में कई ब्रैंड ऐसे हैं, जिनमें सामान्य सिगरेट से भी कहीं ज्यादा मात्रा में निकोटीन है।

## सिगरेट की तरह ही खतरनाक है ई-सिगरेट



इस साल अक्टूबर में मॉस्को में हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के तंबाकू नियंत्रण सेमिनार में ई-सिगरेट को सामान्य सिगरेट के जैसे ही खतरनाक और नुकसानदायक माना। वहीं सितंबर में दिल्ली में दक्षिण-एशियाई देशों की बैठक में भी इसे नुकसानदायक करार दिया गया है। यही कारण है कि भारत में ई-सिगरेट पर कड़े नियम बनाने की मांग बढ़ गई है।

## नियम ही नहीं हैं, तो क्या करें

भारत में सार्वजनिक स्थान पर सिगरेट पीने पर प्रतिबंध है, लेकिन ई-सिगरेट पीने पर कोई नियम-कानून नहीं है। यही कारण है कि पिछले कुछ सालों में ऑनलाइन ई-सिगरेट मंगाने का ट्रेंड बहुत ज्यादा बढ़ा है। मुंबई की हील्स फाउंडेशन के डॉ. प्रकाश गुप्ता का कहना है कि ई-सिगरेट में निकोटीन के ऐसे उत्पाद हैं, जिन्हें बिना किसी रोक-टोक के आसानी से इंटरनेट से मंगाया जा रहा है। भारत में तंबाकू पर बने कानून के तहत 18 साल से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू प्रॉडक्ट नहीं दिए जाते, जबकि इंटरनेट के माध्यम से ई-सिगरेट किसी भी उम्र के लोग मंगा रहे हैं। गौरतलब है कि ई-सिगरेट बनाने वाली कंपनियां इसे सामान्य सिगरेट से कम हानिकारक के तौर पर प्रचारित कर रही हैं, लेकिन डॉक्टरों की राय इससे जुदा है। टाटा अस्पताल के हेड ऐंड नेक सर्जन, डॉ. पंकज चतुर्वेदी का कहना है कि किसी भी रिसर्च के माध्यम से यह साबित नहीं हुआ है कि ई-सिगरेट, सिगरेट के डी-अडिक्शन के लिए किसी भी तरह से कारगर साबित हुई है बल्कि, यह उतनी ही नुकसानदायक है जितनी सामान्य सिगरेट। कई ब्रैंड के ई-सिगरेट में 36 मिलीग्राम तक निकोटीन की मात्रा होती है, जो उसे सामान्य सिगरेट से भी ज्यादा खतरनाक बनाती है।

## क्या है ई-सिगरेट

ई-सिगरेट बैटरी से चलने वाले ऐसा उपकरण है, जो निकोटीन को सीधे फेफड़ों तक पहुंचाता है। ई-सिगरेट, देखने में बिलकुल सामान्य सिगरेट या सिगार जैसी प्लास्टिक या मेटल से बनी होती है। बाजार में ई-सिगरेट के 7764 से भी ज्यादा फ्लेवर उपलब्ध हैं। यह सही है कि भारत में अभी तक ई-सिगरेट को लेकर कोई नियम नहीं है, लेकिन सरकार जल्द ही इस पर नियम लाने की तैयारी में है।





## क्या है स्वाइन फ्लू

स्वाइन फ्लू श्वसन तंत्र से जुड़ी बीमारी है, जो ए टाइप के इनफ्लुएंजा वायरस से होती है। यह वायरस एच1 एन1 के नाम से जाना जाता है और मौसमी फ्लू में भी यह वायरस सक्रिय होता है। 2009 में जो स्वाइन फ्लू हुआ था, उसके मुकाबले इस बार का स्वाइन फ्लू कम पावरफुल है, हालांकि उसके वायरस ने इस बार स्ट्रेन बदल लिया है यानी पिछली बार के वायरस से इस बार का वायरस अलग है।

## कैसे फैलता है

जब आप खांसते या छींकते हैं तो हवा में या जमीन पर या जिस भी सतह पर थूक या मुंह और नाक से निकले द्रव कण गिरते हैं, वह वायरस की चपेट में आ जाता है। यह कण हवा के द्वारा या किसी के छूने से दूसरे व्यक्ति के शरीर में मुंह या नाक के जरिए प्रवेश कर जाते हैं। मसलन, दरवाजे, फोन, कीबोर्ड या रिमोट कंट्रोल के जरिए भी यह वायरस फैल सकते हैं, अगर इन चीजों का इस्तेमाल किसी संक्रमित व्यक्ति ने किया हो।

## शुरुआती लक्षण

- नाक का लगातार बहना, छींक आना, नाक जाम होना।
- मांसपेशियां में दर्द या अकड़न महसूस करना।
- सिर में भयानक दर्द।
- कफ और कोल्ड, लगातार खांसी आना।
- उनींदे रहना, बहुत ज्यादा थकान महसूस होना।
- बुखार होना, दवा खाने के बाद भी बुखार का लगातार बढ़ना।
- गले में खराश होना और इसका लगातार बढ़ते जाना।

## नॉर्मल फ्लू से कैसे अलग

सामान्य फ्लू और स्वाइन फ्लू के वायरस में एक फर्क होता है। स्वाइन फ्लू के वायरस में चिड़ियों, सूअरों और इंसानों में पाया जाने वाला जेनेटिक मटीरियल भी होता है। सामान्य फ्लू और स्वाइन फ्लू के लक्षण एक जैसे ही होते हैं, लेकिन स्वाइन फ्लू में यह देखा जाता है कि जुकाम बहुत तेज होता है। नाक ज्यादा बहती है। पीसीआर टेस्ट के माध्यम से ही यह पता चलता है कि किसी को स्वाइन फ्लू है। स्वाइन फ्लू होने के पहले 48 घंटों के भीतर इलाज शुरू हो जाना चाहिए। पांच दिन का इलाज होता है, जिसमें मरीज को टेमीफ्लू दी जाती है।

## स्वाइन फ्लू से बचाव और इसका इलाज

- साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए और फ्लू के शुरुआती लक्षण दिखते ही सावधानी बरती जाए, तो इस बीमारी के फैलने के चांस न के बराबर हो जाते हैं।
- जब भी खांसी या छींक आए रूमाल या टिश्यू पेपर यूज करें।
- इस्तेमाल किए मास्क या टिश्यू पेपर को ढक्कन वाले डस्टबिन में फेंकें।
- थोड़ी-थोड़ी देर में हाथ को साबुन और पानी से धोते रहें।
- लोगों से मिलने पर हाथ मिलाने, गले लगने या चूमने से बचें।
- फ्लू के शुरुआती लक्षण दिखते ही अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

# Swine flu alert!



*स्वाइन फ्लू एक बार फिर देश में पांव पसार रहा है, जिससे मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। दिन-प्रतिदिन स्वाईन फ्लू के नए-नए मामले सामने आते जा रहे है। फ्लू से डरने के बजाय जरूरत इसके लक्षणों के बारे में जानने और सावधानी बरतने की है।*

## यह रहें सावधान

5 साल से कम उम्र के बच्चे, 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं। जिन लोगों को निम्न में से कोई बीमारी हो, उन्हें अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए = फेफड़ों, किडनी या दिल की बीमारी मस्तिष्क संबंधी (न्यूरोलॉजिकल) बीमारी मसलन, पर्किंसन कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग डायबीटीज ऐसे लोग जिन्हें पिछले 3 साल में कभी भी अस्थमा की शिकायत रही हो या अभी भी हो। ऐसे लोगों को फ्लू के शुरुआती लक्षण दिखते ही डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। गर्भवती महिलाओं का प्रतिरोधक तंत्र (इम्यून सिस्टम) शरीर में होने वाले हॉरमोन संबंधी बदलावों के कारण कमजोर होता है। खासतौर पर गर्भावस्था के तीसरे चरण यानी 27वें से 40वें सप्ताह के बीच उन्हें ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत है।

## चिंता की बात

इस बीमारी से लड़ने के लिए सबसे जरूरी है दिमाग से डर को निकालना। ज्यादातर मामलों में वायरस के लक्षण कमजोर ही दिखते हैं। जिन लोगों को स्वाइन फ्लू हो भी जाता है, वे इलाज के जरिए सात दिन में ठीक हो जाते हैं। कुछ लोगों को तो अस्पताल में एडमिट भी नहीं होना पड़ता और घर पर ही सामान्य बुखार की दवा और आराम से ठीक हो जाते हैं। कई बार तो यह ठीक भी हो जाता है और मरीज को पता भी नहीं चलता कि उसे स्वाइन फ्लू था। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट बताती है कि जिन लोगों का स्वाइन फ्लू टेस्ट पॉजिटिव आता है, उनमें से इलाज के दौरान मरने वालों की संख्या केवल 0.4 फीसदी ही है। यानी एक हजार लोगों में चार लोग। इनमें भी ज्यादातर केस ऐसे होते हैं, जिनमें पेशंट पहले से ही हार्ट या किसी दूसरी बीमारी की गिरफ्त में होते हैं या फिर उन्हें बहुत देर से इलाज के लिए लाया गया होता है।

## कब तक रहता है वायरस

एच1एन1 वायरस स्टील, प्लास्टिक में 24 से 48 घंटे, कपड़े और पेपर में 8 से 12 घंटे, टिश्यू पेपर में 15 मिनट और हाथों में 30 मिनट तक एक्टिव रहते हैं। इन्हें खत्म करने के लिए डिटर्जेंट, एल्कोहॉल, ब्लीच या साबुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। किसी भी मरीज में बीमारी के लक्षण इन्फेक्शन के बाद 1 से 7 दिन में डिवेलप हो सकते हैं। लक्षण दिखने के 24 घंटे पहले और 8 दिन बाद तक किसी और में वायरस के ट्रांसमिशन का खतरा रहता है।

**आयुर्वेद**

## ऐसे करें बचाव


इनमें से एक समय में एक ही उपाय आजमाएं। 4-5 तुलसी के पत्ते, 5 ग्राम अदरक, चुटकी भर काली मिर्च पाउडर और इतनी ही हल्दी को एक कप पानी या चाय में उबालकर दिन में दो-तीन बार पिएं। गिलोय (अमृता) बेल की डंडी को पानी में उबाल या छानकर पिएं। गिलोय सत्व दो रत्ती यानी चौथाई ग्राम पौना गिलास पानी के साथ लें। 5-6 पत्ते तुलसी और काली मिर्च के 2-3 दाने पीसकर चाय में डालकर दिन में दो-तीन बार पिएं।- आधा चम्मच हल्दी पौना गिलास दूध में उबालकर पिएं। आधा चम्मच हल्दी गरम पानी या शहद में मिलाकर भी लिया जा सकता है।

# पेरिस ओलंपिक की 100 दिनों की उलटी गिनती शुरू, खेलों की विरासत बनाए रखने पर जोर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस ओलंपिक के शुरू होने में 100 दिन बचे हैं और इसके आयोजक इन खेलों के जरिए ऐसी विरासत तैयार करना चाहते हैं जिससे ओलंपिक के लिए बनाई गई सुविधाओं का इस्तेमाल लंबे समय तक स्थानीय बच्चे और युवा कर सकें।

फ्रांस की राजधानी में एक सदी से अधिक समय के बाद हो रहे ओलंपिक खेलों का मूल्यांकन केवल इसके व्यापक होने के आधार पर नहीं किया जाएगा। एक और पैमाना पेरिस के आसपास के शहरों पर इसका सकारात्मक प्रभाव होगा। इस ओलंपिक के मेजबान के मुताबिक ये खेल सामाजिक रूप से सकारात्मक होने के साथ ही कम प्रदूषणकारी और कम बर्बादी वाले होंगे।




### सेनी-सेंट डेनिस में ओलंपिक गांव का निर्माण

*फ्रांस के सबसे पिछड़े इलाकों में से एक 'सेनी-सेंट डेनिस' क्षेत्र को इस ओलंपिक से काफी उम्मीदें हैं। प्रवासियों से भरे इस क्षेत्र के लोगों को नस्लीय भेदभाव और अन्य तरह की रुकावटों का सामना करना पड़ता है। इसी क्षेत्र में ओलंपिक गांव का निर्माण हुआ है जिसमें 10,500 से ज्यादा ओलंपिक और 4,400 से ज्यादा पैरालंपिक खिलाड़ी रहेंगे। यह स्थान ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा के साथ रग्बी और समापन समारोह की मेजबानी करेगा।*

### लंबे समय तक मिले फायदा

आयोजन समिति की विरासत निदेशक मैरी बार्साक ने एक साक्षात्कार में कहा, 'हम वास्तव में उस तरह की सुविधाओं का निर्माण नहीं करना चाहते थे जिनकी भविष्य में जरूरत नहीं होगी।' सेवरान के मेयर स्टीफन ब्लैंचेट ने कहा, 'इन ओलंपिक खेलों की महत्वाकांक्षा यह है कि इससे लंबे समय तक सभी को फायदा हो सके।'

### कम खर्च में होगा आयोजन

एक आकलन के मुताबिक पेरिस खेलों का खर्च पिछले तीन ओलंपिक मेजबानों (2020-टोक्यो, 2016- रियो और 2012-लंदन) से कम होगा। इसके साथ ही आयोजक लगभग आधी रकम को प्रायोजकों, टिकट और गैर-सार्वजनिक वित्तपोषण से हासिल कर लेंगे जिससे देश के करदाताओं पर कम बोझ पड़ेगा।

### अमेरिका और चीन रहेंगे शीर्ष पर

*अमेरिका और चीन के स्वर्ण पदक और कुल पदकों की संख्या के मामले में 100 दिन में शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद है। अमेरिका के 39 स्वर्ण सहित कुल 123 पदक जीतने का अनुमान है। चीन के 35 स्वर्ण सहित 89 पदक जीतने की संभावना है। तीन साल पहले महामारी के कारण विलंब से हुए टोक्यो ओलंपिक में भी ये दोनों देश स्वर्ण पदक और कुल पदक के मामले में शीर्ष दो में रहे थे। यह पूर्वानुमान नीलसन के ग्रेसनोट स्पोर्ट्स द्वारा लगाया गया है जो दुनिया भर की खेल लीग के लिए सांख्यिकीय विश्लेषण प्रदान करता है। मेजबान देश की पदकों की संख्या में हमेशा इजाफा होता है और टोक्यो में कुल 33*




*पदक जीतने वाले फ्रांस को पेरिस में 55 पदक मिलने का अनुमान है। फ्रांस ने टोक्यो में 10 स्वर्ण पदक जीते थे और पेरिस में उसे इससे लगभग तीन गुना 28 पदक मिलने का अनुमान लगाया गया है। टोक्यो में जापान ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 स्वर्ण सहित कुल 58 पदक जीते थे।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



विराट कोहली — 361 रन — बेंगलोर

यजुवेन्द्र चहल — 12 विकेट — राजस्थान

बाउंड्री मीटर: 938 चौके, 546 छक्के

## खबर संक्षेप



### अय्यर पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

### नारायण को फैसला वापस लेने मनाएंगे पावेल

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने कहा है कि फॉर्म में चल रहे सुनील नारायण को इस साल के टी20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने की कोशिशें की जा रही हैं। लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के इस स्टार खिलाड़ी ने अब तक उन सभी लोगों को 'ब्लॉक' कर दिया है जिन्होंने उनके बात करने की कोशिश की है। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।



### अब से हर अभ्यास सत्र अहम : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक के लिए 100 दिन बचे हैं और ऐसे में हर दिन, हर अभ्यास और प्रशिक्षण सत्र का इस्तेमाल इसकी तैयारियों को बेहतर करने के लिए किया जाएगा। टोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक विजेता भारत मौजूदा विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा कि वे पेरिस में अपने टोक्यो परिणाम में सुधार करना चाहते हैं। इस स्टार ड्रैग-फ्लिकर की टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आई, जहां मेजबान टीम ने उन्हें 0-5 से हराया था।



### कोहली, धोनी की तरह भरोसा बरकरार रखा

**कोलकाता।** राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर ने आईपीएल में 'अजीब चीजें' होते देखी हैं और उन्होंने विराट कोहली तथा महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अकेले दम पर टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में टीम की मदद की। बटलर ने 60 गेंदों में नाबाद 107 रन बनाए जिससे राजस्थान रॉयल्स ने मंगलवार रात नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराया। बटलर को पारी के अंत में चलने में भी दिक्कत हो रही थी।

## आईपीएल : 89 रन के लक्ष्य को कैपिटल्स ने चार विकेट गंवाकर किया हासिल

# सिर्फ नौ ओवर में छह विकेट से जीती दिल्ली गुजरात ने बनाया सत्र का सबसे छोटा स्कोर

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां कम स्कोर वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया जो इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है। गुजरात टाइटन्स का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी था। दिल्ली कैपिटल्स ने यह लक्ष्य महज 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया।

पिछले कुछ मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज असरदार नहीं रहे थे लेकिन आखिरकार इस मैच में जलवा दिखाने में सफल रहे। मुकेश कुमार सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इशांत शर्मा ने आठ रन देकर दो और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने एक ओवर में दो विकेट हासिल किए। गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही, उसके लिए केवल तीन खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचे जिसमें से राशिद खान ने सबसे ज्यादा 24 गेंद में 31 रन बनाए जिन्होंने टीम की पारी का एकमात्र छक्का भी लगाया।



### पंत मैच के हीरो

*पंत की कप्तानी लाजवाब रही, जिन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलाई। यह विकेटकीपर बल्लेबाज विकेट के पीछे काफी फुर्तीला रहा, उन्होंने विकेट के पीछे कैच लपकने के अलावा शानदार स्टंपिंग भी की और टी20 विश्व कप को देखते हुए उनका प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेक फ्रेजर मैकगुर्क ने 20 रन, शाई होप ने 19 रन और अभिषेक पोरेल ने 15 रन का योगदान दिया।*

### दिल्ली की लंबी छलांग

सत्र में ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली टीम की 7 मैचों में ये तीसरी जीत है। इस टीम ने अब तक 4 मैच हारे हैं। इस जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने पॉइंट्स टेबल में लंबी छलांग लगाई। ये टीम 9वें से छठवें नंबर पर पहुंच गई है। दूसरी ओर शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टीम ने अब तक 7 में से 3 ही मैच जीते और 4 हारे हैं। इस हार के बाद गुजरात को एक पायदान का नुकसान हुआ है। यह टीम पॉइंट्स टेबल में 7वें नंबर पर पहुंच गई है।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा बो मुकेश कुमार | 02 | 10 | 0 | 0 |
| शुभमन का साय बो शर्मा | 08 | 06 | 2 | 0 |
| सुदर्शन रन आउट (सुमित) | 12 | 09 | 2 | 0 |
| डेविड मिलर का पंत बो शर्मा | 02 | 06 | 0 | 0 |
| मनोहर स्ट पंत बो स्टब्स | 08 | 14 | 1 | 0 |
| तेवतिया पगबाधा बो पटेल | 10 | 15 | 1 | 0 |
| शाहरुख स्ट पंत बो स्टब्स | 00 | 01 | 0 | 0 |
| राशिद का पंत बो मुकेश | 31 | 24 | 2 | 1 |
| मोहित का सुमित बो अहमद | 04 | 14 | 0 | 0 |
| अहमद बो मुकेश कुमार | 01 | 07 | 0 | 0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 17.3 ओवर में 89/10
गेंदबाजी : खलील 4-1-18-1, इशांत 2-0-8-2, मुकेश 2.3-0-14-3, कुलदीप 4-0-18-0, स्टब्स 1-0-11-2, अक्षर 4-0-17-1.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी का जॉनसन बो वारियर | 07 | 06 | 1 | 0 |
| मैकगुर्क का मनोहर बो जॉनसन | 20 | 10 | 2 | 2 |
| पोरेल बो संदीप वारियर | 15 | 07 | 2 | 1 |
| होप का मोहित बो राशिद | 19 | 10 | 1 | 2 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 16 | 11 | 1 | 1 |
| सुमित कुमार नाबाद | 09 | 09 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त** : 06, कुल : 8.5 ओवर में 92/4
गेंदबाजी : वारियर 3-0-40-2, जॉनसन 2-0-22-1, राशिद 2-0-12-1, अहमद 1.5-0-14-0.

खास खबर

## पैरा तीरंदाज शीतल ने सक्षम खिलाड़ियों के बीच जीती चांदी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं। डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं।

इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। एकता को स्वर्ण पदक जीतने के लिए 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि मिली जबकि शीतल को 40 हजार रुपए मिले। टूर्नामेंट तीन श्रेणियों - सीनियर, जूनियर और सब जूनियर रिकर्व तथा कंपाउंड वर्ग में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 87 तीरंदाजों ने भाग लिया।




## चैंपियंस लीग : पीएसजी ने बार्सिलोना को 4-1 से हराया, सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| बार्सीलोना

एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4-1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6-4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई।

फ्रांस के स्टार खिलाड़ी एमबापे के क्लब के साथ आखिरी सत्र में टीम की पहले यूरोपीय खिताब की उम्मीद बरकरार है। बार्सीलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को 29वें मिनट में ब्रेडली बार्कोला के खिलाफ फाउल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। बार्सीलोना को 12वें मिनट में राफिन्हा ने बढ़त दिलाई जिसके बाद 40वें मिनट में ओसमाने डेम्बेले ने स्कोर 1-1 कर दिया। विटिन्हा ने 54वें मिनट में गोल करके पीएसजी को 2-1 से आगे किया। डेम्बेले और विटिन्हा दोनों बार्सीलोना के लिए खेल चुके हैं। एमबापे ने इसके बाद 61वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा और फिर 89वें मिनट में एक और गोल करके टीम की 4-1 की जीत सुनिश्चित करते हुए उसे सेमीफाइनल में जगह दिलाई।



### नारायण की सफलता का श्रेय गंभीर को दिया

***कोलकाता।*** *रिंकू सिंह का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना 'मास्टरस्ट्रोक' साबित हुआ है और वेस्टइंडीज के इस खिलाड़ी को ऊपरी क्रम में भेजने का श्रेय टीम के मार्गदर्शक गौतम गंभीर को जाना चाहिए। नारायण ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 56 गेंद में 109 रन बनाकर अपना पहला टी20 शतक बनाया। मौजूदा सत्र में बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर उनकी फॉर्म उल्लेखनीय रही है। उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पिछले तीन सत्र में केवल 154 रन बनाए थे जबकि इस सत्र में बतौर सलामी बल्लेबाज छह मैच में 276 रन बना चुके हैं।*

## किनवेन ने स्टुटगार्ट में कर्स्टी को हराया मारिया का स्वियाटेक से होगा सामना

एजेंसी ▶▶| स्टुटगार्ट

चीन की झेंग किनवेन ने लंबे सफर के बाद पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में सोराना कर्स्टी को सीधे सेट में शिकस्त दी। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 76 मिनट में 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। झेंग लंबे सफर के बाद यहां पहुंची थी लेकिन उन पर थकान का असर नहीं दिखा। वह पहले बीजिंग से चांगशा और फिर वहां से फ्रैंकफर्ट गई जहां से वह स्टुटगार्ट पहुंची।

बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स ने कड़े मुकाबले में तात्याना मारिया को 6-1, 4-6, 6-0 से हराया। वह दूसरे दौर में दो बार की गत चैंपियन इगा स्वियाटेक से भिड़ेंगी। स्वियाटेक 2012-14 में मारिया शारापोवा के बाद स्टुटगार्ट में खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। अन्य मुकाबलों में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वांद्रोसोवा ने डोना वेकिच को 6-4, 6-3 से हराया जबकि इटली की जैस्मिन पाओलिनी ने हमवतन सारा इरानी को 6-1, 6-0 से शिकस्त दी। चेक गणराज्य की किशोरी लिंडा नोसकोवा ने 10वें नंबर की येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-1 से हराकर उलटफेर किया।



## कैंडिडेट्स शतरंज : टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी

# कारुआना से भिड़ेंगे गुकेश, प्रज्ञानानंदा का नाकमुरा से मैच

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो कारूआना से भिड़ेंगे तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी।

आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है। विदित गुजराती ने भी मुकाबले में खुद को बनाए रखा है और उन्हें बस थोड़ा बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे के ध्वज तले खेल रहे नेपामनियाची टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय खिलाड़ी हैं लेकिन उन्हें अगले दो दौर में कड़े प्रतिद्वंद्वियों से निपटना है। अगले दौर में विदित और नेपामनियाची आमने-सामने होंगे जबकि इसके बाद रूस के खिलाड़ी को प्रज्ञानानंदा से भिड़ना है। ये दो मैच संभवतः टूर्नामेंट की दिशा तय करेंगे और अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं।




### जीत के लिए करेंगे हर संभव प्रयास

इतालवी अमेरिकी कारुआना लगातार छठी बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन उन्होंने इसे केवल एक बार जीता है। गुकेश 12वें दौर में सबसे निचले स्थान पर मौजूद अजरबेजान के निजात अबासोव को हराने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, बशर्ते वह कारुआना को रोकने में सफल रहे। काले मोहरों के साथ अजरबेजान के अबासोव के खिलाफ खेलने वाले गुकेश निश्चित रूप से जीत के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## डोर्टमंड ने एटलेटिको को दूसरे चरण में हराया

एजेंसी ▶▶| डोर्टमंड

मार्सेल सेबिटजर ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे बोरूसिया डोर्टमंड ने मंगलवार को यहां एटलेटिको मैड्रिड को दूसरे चरण के मुकाबले में हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड में पहले चरण का मुकाबला 1-2 से गंवाने के बाद डोर्टमंड ने दूसरे चरण का मुकाबला 4-2 से जीता और कुल 5-4 से स्कोर से दो चरण का मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रहा। जूलियन ब्रेंट ने डोर्टमंड को बढ़त दिलाई जिसके बाद सेबिटजर के पास पर मियान मैटसन ने गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। एटलेटिको के कोच डिएगो सिमियोन ने मध्यांतर के समय तीन बदलाव किए जिसका टीम को फायदा मिला।

मैट्स हुमेल्स के आत्मघाती गोल और स्थानापन्न खिलाड़ी जोकिम कोरिया के गोल से स्पेन की टीम ने स्कोर 2-2 कर दिया।



**यूएई समेत अन्य मुस्लिम खाड़ी देशों में प्राकृतिक आपदा से 63 की मौत**




# यूएई में कुदरत का कहर... एक दिन में साल भर की बारिश, बाढ़ में डूबा दुबई, समंदर बना रनवे

एजेंसी ▶▶ अबूधाबी

दुबई के रेगिस्तानी शहर में बारिश ने पिछले 24 घंटों में जमकर कुदरती उत्पात मचाया है। शहर के मॉल से लेकर मेट्रो तक हर जगह पानी ही पानी की तस्वीरें वायरल हैं। इतनी बारिश की दो साल में भी इतना पानी नहीं बरसता।

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक पिछले 75 सालों में पहली बार ऐसी बारिश देखी गई है। जो 1949 में डेटा संग्रह की शुरुआत के बाद से दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है। बारिश के रहते शहर के अहम राजमार्गों पर पानी भर गया है और अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानें रद्द हो गई हैं। घरों में पानी भर गया है और हर कोई इस आफत से परेशान है।

- 24 घंटे में 142 मिमी से अधिक बारिश ने बनाए बाढ़ जैसे हालात
- दुबई के रिकॉर्ड में 75 साल में पहली बार हुई इतनी बारिश
- दुबई में एयरपोर्ट-मेट्रो पानी में डूबे, उड़ानें रद्द, मेट्रो बंद
- बारिश में डूबे शहर के सभी राजमार्ग, आवागमन बंद
- रेगिस्तान में आ गया सैलाब, आज भी बारिश की संभावना
- दुबई का हर शहरी इस बारिश की आफत से परेशान



### यूएई के अलावा कई मुस्लिम देश भी बारिश से बर्बाद

बहरीन, ओमान, कतर और सऊदी अरब में भी बारिश हुई। हालांकि पूरे संयुक्त अरब अमीरात में तेज बारिश देखी गई। इस बारिश से सिर्फ यूएई ही नहीं बल्कि एक और पड़ोसी मुस्लिम देश में भी तबाही छाई हुई है। इस मुस्लिम देश में भारी बारिश से अब तक 63 लोगों की मौत हो चुकी है। पाकिस्तान में बिजली गिरने और भारी बारिश की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई।

### मूसलाधार बारिश के साथ खूब गिरे ओले

यूएई की राजधानी अबू धाबी के अलावा दुबई और अल ऐन जैसे विभिन्न शहरों में बिजली की चमक और गरज के साथ तेज बारिश से रेगिस्तानी जमीन में भी बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, यहां बुधवार तक और भी बारिश होने का अनुमान है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि मौसम अस्थिर रहेगा और आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।



### क्या हो सकती है इतनी बारिश की वजह?

कुछ वैज्ञानिक क्लाइमेट चेंज को इसका कारण मान रहे हैं। एक वजह आर्टिफिशियल बारिश को भी माना जा रहा है। यूएई में सूखे से निपटने के लिए आर्टिफिशल बारिश के कई प्रयास किए गए थे। यूएई में गर्मी के रहते पारा 50 डिग्री तक पहुँच जाता है और पानी की भयंकर कमी होती है। माना जा रहा है कि 'क्लाउड सीडिंग' भारी बारिश का कारण बनी क्योंकि सरकार ने कृत्रिम बारिश के प्रयास के तहत छोटे विमान तैनात किए थे। बारिश से पहले छह या सात 'क्लाउड सीडिंग' उड़ानें भरी गई थीं।

## खबर संक्षेप

### पाक ने सोशल मीडिया एक्स को किया ब्लॉक



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एलन मस्क के स्वामित्व वाली माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स को ब्लॉक करने के कारण हाई कोर्ट ने शहबाज सरकार को फटकार लगाई है। शहबाज ने एक्स को ब्लॉक करते हुए कहा था कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। हालांकि सिंध हाई कोर्ट ने प्रतिबंध को तुरंत रद्द करने का निर्देश दिया है।

### शाह बोले- नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में बड़ा एनकाउंटर हुआ था। इसमें टॉप कमांडर सहित 29 नक्सली मारे गए थे। इस मुठभेड़ पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि छग में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। जब से मोदी पीएम बने हैं तब से नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ अभियान चल रहा है।



**बोला-हम इस मसले में नहीं पड़ेंगे**

## आतंकियों को घर में घुसकर मारने वाले बयान पर यूएस पीछे हटा



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

प्रधानमंत्री मोदी की आतंकवादियों को घर में घुसकर मारने वाली टिप्पणी को लेकर यूएस ने अपना रिएक्शन दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान को हमेशा बातचीत के जरिए हल निकालने के लिए प्रोत्साहित किया है। भारत आतंकवादियों को उनके घरों में मारने में संकोच नहीं करने पर मिलर ने कहा कि अमेरिका इसमें शामिल नहीं होगा। पर हम भारत और पाक दोनों को बातचीत से समाधान करने कहेंगे।

### ऋषिकेश में पीएम ने कही थी ये बात

दरअसल, लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी ने ऋषिकेश में 11 अप्रैल को रैली में कहा था कि भाजपा सरकार में पिछले 10 सालों में आतंकवादियों को उनकी जमीन पर मारा गया है। आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। भारतीय तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बन गया है। इधर, एक इंटरव्यू में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा था कि अगर पाकिस्तान आतंकवाद के जरिए भारत को अस्थिर करने की कोशिश करेगा तो उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। इन बयानों के बाद से ही पाकिस्तान में अलग ही माहौल हो गया है। जिसको लेकर अमेरिका ने भी अब रिएक्शन दिया है।

### भारत पर नहीं लगेगा कोई प्रतिबंध

मिलर से पूछा गया कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की कथित हत्या की साजिश को लेकर अमेरिका ने भारत पर कोई प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया है तो उन्होंने कहा कि मैं कभी किसी भी प्रतिबंध की कार्रवाई का पूर्वावलोकन नहीं करने जा रहा हूं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि कोई प्रतिबंध लगने वाला है। गुरपतवंत सिंह पन्नून भारत में बड़ा आतंकवादी है।

**एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर बना मिसाल, वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने जारी की सूची**

## अमेरिका भी हमसे पीछे... दुनिया में टॉप-2 पर रहीं भारतीय कंपनियां, 500 इंडिगो का ऑर्डर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चाहे दुनिया में सबसे अधिक वैल्यूएशन वाली कंपनियों की बात हो या सबसे इनोवेटिव कंपनियों की बात हो, अमेरिका टॉप पर बना रहता है। दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से अधिकतर अमेरिका की हैं। लेकिन वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने एक ऐसी लिस्ट जारी की है, जिसमें पहले और दूसरे स्थान पर भारत की कंपनियां हैं। यह लिस्ट साल 2023 में सबसे ज्यादा कमर्शियल एयरक्राफ्ट ऑर्डर करने वाली कंपनियों की है। साल 2023 में भारतीय एयरलाइन्स ने बड़ी संख्या में कमर्शियल एयरक्राफ्ट के ऑर्डर दिए थे।

*साल 2023 में दुनिया में सबसे अधिक कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर इंडिगो ने दिया था। इसने 500 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। 470 एयरक्राफ्ट्स के साथ एयर इंडिया दूसरे स्थान पर रही।*

### खास बातें

- भारत के आसमान में बढ़ते कदम, आसमान में बड़ी भारत की ताकत
- दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से अधिकतर पर अमेरिका टॉप पर रहता था
- 2023 में एयरलाइन्स ने बड़ी संख्या में एयरक्राफ्ट के दिए थे ऑर्डर

### चौथे स्थान पर दुबई की अमीरात्स 5वें स्थान पर 150 के साथ आयरलैंड



### तीसरे स्थान पर रही यूएस की साउथवेस्ट एयरलाइन्स

इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर अमेरिका की साउथवेस्ट एयरलाइन्स रही है। इसने 156 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। इस तरह यह ऑर्डर इंडिगो और एयर इंडिया द्वारा दिए गए ऑर्डर की तुलना में काफी छोटा है। चौथे स्थान पर दुबई की अमीरात्स रही, जिसने 156 कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। पांचवें स्थान पर 150 एयरक्राफ्ट्स के साथ आयरलैंड की रेयान एआईआर रही, जिसने 150 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था।

### आठवें स्थान पर कतर एयरवेज

लिस्ट में छठे स्थान पर अमेरिका की यूनाइटेड एयरलाइन्स रही, जिसने 2023 में 110 कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। सातवें स्थान पर हंगरी की विज एआईआर रही, जिसने 75 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। आठवें स्थान पर 73 एयरक्राफ्ट्स के ऑर्डर के साथ कतर एयरवेज रही। इसके बाद नौवें पर सन एक्सप्रेस (45), दसवें पर एवलोन रही।

### इंडिगो ने ऑर्डर किए सबसे ज्यादा कमर्शियल एयरक्राफ्ट

*साल 2023 में दुनिया में सबसे ज्यादा कमर्शियल एयरक्राफ्ट के ऑर्डर इंडिगो द्वारा दिए गए थे। गुरुग्राम मुख्यालय वाली इस एयरलाइन ने 500 कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। इसके बाद इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर भी भारतीय एयरलाइन ही रही। टाटा ग्रुप के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने साल 2023 में 470 कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था।*

**बीच में खड़ा हिमालय... अगले 10 साल पूर्ण सूर्य ग्रहण नहीं**

## एक स्थान पर 375 साल बाद...

*नई दिल्ली। अगले 10 साल में यानी 2034 तक सात पूर्ण सूर्य ग्रहण होने वाले हैं, लेकिन इसमें 6 ग्रहण भारत में नहीं दिखने वाले। जो दिखाई देगा, उसके लिए लोगों को पूरे एक दशक का इंतजार करना होगा। इसकी वजह ये है कि पूर्ण सूर्य ग्रहण एक ही स्थान पर करीब 375 साल बाद होता है। हमारे ग्रह पर हर 18 महीने में एक बार सूर्य ग्रहण होता है।*



### बाइडेन के बाद सुनक की इजराइल को नसीहत




**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ईरान के मिसाइल हमलों के मद्देनजर इजराइली पीएम नेतन्याहू से संयम बरतने को कहा है। उधर, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन वार्ता के लिए तेल अवीव पहुंचे। सुनक ने फोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय स्थिरता के लिए ब्रिटेन के 'दृढ़ समर्थन' को दोहराया।

**कोको द्वीप पर चीन की आवाजाही बढ़ी**

## म्यांमार के 'कोको द्वीप' पर उठने लगे सवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के लिए अंडमान-निकोबार समूह से कैंडिडेट विष्णु पद रे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने अंडमान द्वीप समूह के कोको द्वीप को म्यांमार को गिफ्ट में दिया था। उन्होंने कहा कि नेहरू ने उत्तरी अंडमान के कोको द्वीप को म्यांमार को सौंप दिया। ये द्वीप अब सीधे चीन के कंट्रोल में है। रे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बीते 70 सालों में कभी इस पर ध्यान नहीं दिया।



### ब्रिटिशर्स ने म्यांमार को सौंपा था

ब्रिटिश शासन के दौरान अंडमान-निकोबार द्वीप समूह पर अंग्रेजी राज था। ये ब्रिटिश इंडिया के तहत आते। देश को आजादी मिलने के साथ ही अंडमान-निकोबार भी आजाद भारत का हिस्सा हो गए। वहीं कोको द्वीप समूह को ब्रिटिशर्स ने म्यांमार (तब बर्मा) को सौंप दिया।

### कैसा है द्वीप

कोको द्वीप अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से लगभग 55 किमी दूर है। करीब 20 वर्ग किमी में फैले इस आइलैंड के नाम के पीछे भी एक वजह है। वैसे तो समुद्र से सटे सारे इलाकों में नारियल बहुतायत में होता है, लेकिन कोको पर इसकी भरमार है।

**कोच्चि की झीलों में पूरी क्षमता से चल रहा क्रूज, पर्यटन हो रहा गुलजार**

## भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक नाव बनी 'इंद्र', चलती है सूरज की रोशनी से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल राज्य जल परिवहन विभाग की एक और हरित पहल देश की सबसे बड़ी सोलर पावर से चलने वाली नाव 'इंद्र' के साथ काफी कामयाब साबित हुई है। यह कोच्चि की झीलों में लॉन्च होने के सिर्फ दो हफ्ते बाद ही लगभग पूरी क्षमता से चल रहा है। 100 सीटों वाला यह क्रूज जहाज खास तौर पर पर्यटकों के लिए बनाया गया है। जिसमें ऊपरी डेक पर 'खुली हुई जगह' है, जहां पर्यटक मनोरम दृश्यों का आनंद ले सकते हैं।




### सुबह 11 बजे और शाम को 4 बजे यात्रा

शुरुआत में सेवाओं को सुबह 10 बजे और दोपहर 3 बजे संचालित किया जाता था। हालांकि, मौजूदा अत्यधिक उमस की परिस्थितियों ने एसडब्ल्यूटीडी को शाम 4 बजे से शाम की यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित किया है। शाजी ने कहा, यह देखते हुए ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने के लिए सुबह की यात्रा को सुबह 11 बजे से पुनर्निर्धारित किया गया है।

### डेली कलेक्शन 18,000 रुपए के आंकड़े को छू गया

*ट्रैफिक एसपी एम सुजीत ने कहा कि डेली कलेक्शन 18,000 रुपए के आंकड़े को छू गया है, हमें एडवांस ग्रुप बुकिंग मिल रही है। 3.5 करोड़ रुपए की लागत वाली यह नाव 31 मार्च को लॉन्च की गई थी। यह रोजाना दो क्रूज ट्रिप चलती है, जिनमें से प्रत्येक 3 घंटे का होता है। सूर्यास्त की यात्रा के लिए भारी मांग है क्योंकि यह जहाज समुद्र के मुहाने तक जाने वाली कुछ पर्यटक सेवाओं में से एक है।*

### हर साल एक सोलर नाव बेड़े में शामिल

अपनी हरित पहल को आगे बढ़ाने के लिए एसडब्ल्यूटीडी इस साल हर महीने अपने बेड़े में कम से कम एक सोलर नाव शामिल करने की योजना बना रहा है। शाजी ने कहा कि इन 14 आईआरएस (भारतीय रजिस्ट्रार ऑफ शिपिंग) श्रेणी के जहाजों पर काम विभिन्न निजी यार्डों में चल रहा है।

### एर्नाकुलम बोट जेट्टी से शुरू

एर्नाकुलम बोट जेट्टी से शुरू होकर यह जहाज विलिंग्डन द्वीप के रास्ते बोलगट्टी पैलेस, वल्लारपदम, कंटेनर टर्मिनल, व्यापीन, कमलाकदावु और फोर्ट कोच्चि तक जाता है। टिकट की कीमत वयस्कों के लिए 300 रुपए और बच्चों के लिए 150 रुपए है। एसडब्ल्यूटीडी ने जहाज पर भोजन काउंटर सुविधा प्रदान करने के लिए कुडुंबश्री के साथ करार किया है। जहां पर्यटकों को जलपान और नाश्ता उपलब्ध कराया जाता है।

**बोले -नहीं करेंगे इजराइली सरकार के साथ काम**

## गूगल के कर्मचारी भड़के, ऑफिस में दिया 8 घंटे धरना, कई गिरफ्तार




एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

गूगल के कई कर्मचारी कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क में कंपनी के इजराइली सरकार के साथ काम करने के विरोध प्रदर्शन किया। उनके 8 घंटे से अधिक समय तक हटने से इनकार करने के बाद उनमें से कई को गिरफ्तार कर लिया गया।

### विवाद का यह है कारण

गूगल के कर्मचारियों ने न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया सहित विभिन्न गूगल कार्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध 2021 में हस्ताक्षर किए गए एक अरब डॉलर के एआई अनुबंध, प्रोजेक्ट निंबस को लेकर था। मंगलवार को 8 घंटे से अधिक समय तक गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन के ऑफिस पर कब्जा कर लिया। उन्होंने अपने धरने का सीधा प्रसारण किया। इस दौरान अपनी मांगों में गूगल द्वारा इजराइली सेना और सरकार के साथ सभी संबंधों को तोड़ना और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा संकट को हल करना शामिल था।

पीएम मोदी ने नलबाड़ी और अगरतला में की चुनावी रैली

# लोकसभा चुनाव 2014 में ‘आशा’, 2019 में ‘विश्वास’ ने हासिल की विजयश्री, अब ‘मोदी गारंटी’ लेकर आए हैं पीएम नरेंद्र मोदी



एजेंसी ▶▶ नलबाड़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह 2014 में लोगों के बीच आशा, 2019 में विश्वास लेकर आए थे और अब 2024 में गारंटी लेकर आए हैं। असम के नलबाड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश भर में मोदी की गारंटी है और मैं इन सभी गारंटी को पूरा करने की गारंटी दे रहा हूं। पीएम ने कहा, पूर्वोत्तर मोदी की गारंटी का गवाह है क्योंकि कांग्रेस ने इस क्षेत्र को केवल समस्याएं दी थीं लेकिन भाजपा ने इसे संभावनाओं का स्रोत बना दिया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने विद्रोह को बढ़ावा दिया लेकिन मोदी ने लोगों को गले लगाया और क्षेत्र में शांति लेकर आया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 60 साल में जो हासिल नहीं किया जा सका, उसे मोदी ने दस साल में प्राप्त कर लिया। मोदी ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर में सूर्य तिलक समारोह के साथ 500 वर्ष बाद उनका जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। पीएम ने कहा, हम अयोध्या में उत्सव में शामिल नहीं हो सकते, लेकिन हमें अपने मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर और भगवान राम की पूजा करके इस कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए। इससे पहले मोदी ने बुधवार को राम नवमी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा, यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर में हमारे राम लला विराजमान हो चुके हैं। राम नवमी के इस उत्सव में आज अयोध्या अप्रतिम आनंद में है।

पीएम ने कहा कि पूर्वोत्तर मोदी की गारंटी का गवाह है क्योंकि कांग्रेस ने इस क्षेत्र को केवल समस्याएं दी थीं लेकिन भाजपा ने इसे संभावनाओं का स्रोत बना दिया है। कांग्रेस ने विद्रोह को बढ़ावा दिया लेकिन मोदी ने लोगों को गले लगाकर माहौल बदल दिया।

**मोदी ने लोगों को गले लगाकर क्षेत्र में शांति का माहौल लाया**

मोदी ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर में सूर्य तिलक समारोह के साथ 500 वर्ष बाद उनका जन्मोत्सव मनाया गया।

**60 साल के शासनकाल में जो हासिल नहीं किया जा सका, उसे मोदी ने 10 साल में प्राप्त कर लिया**



### आपका यह बेटा आपके इलाज का खर्च उठाएगा

उन्होंने कहा कि 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों का ‘आयुष्मान भारत’ योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज किया जाएगा ताकि परिवार पर बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ‘सबका साथ, सबका विकास’ में विश्वास करती है और यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के वह लाभ मिले।

### पीएम ने नार्थ-ईस्ट रैली में लोगों को दी बड़ी गारंटी

**गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर**

पीएम नरेंद्र मोदी ने त्रिपुरा के अगरतला में एक चुनावी रैली के दौरान बड़ा वादा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वो देश में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने जा रहे हैं। इससे त्रिपुरा के लोगों को बहुत फायदा होगा। पीएम ने कहा कि वो पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पीएम ने इस दौरान अयोध्या में राम मंदिर का भी जिक्र किया।

पीएम ने कहा कि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार रामलला तंबू की जगह भव्य मंदिर में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है। पूर्वोत्तर खुद मोदी की गारंटी का गवाह है। जिस पूर्वोत्तर को कांग्रेस ने सिर्फ समस्याएं दीं थीं, उस पूर्वोत्तर को भाजपा ने संभावनाओं का स्रोत बना दिया है। पीएम ने कहा कि ‘2014 में जब मो आए तो अपने साथ उम्मीदें लेकर आए, 2019 में जब मोदी आए तो अपने साथ विश्वास लेकर आए, 2024 में जब मोदी यहां होंगे तो वे अपने साथ गारंटी लेकर आएंगे। मोदी की गारंटी का मतलब है ‘गारंटी के पूरे होने की गारंटी’।

### त्रिपुरा के लिए पीएम का हीरा मॉडल

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने आयुष्मान भारत योजना का लाभ वरिष्ठ नागरिकों तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। त्रिपुरा के विकास के लिए भाजपा ने हीरा मॉडल-हाईवे, इंटरनेटवे, रेलवे और एयरवेज पर काम किया है। त्रिपुरा में 4-लेन हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है। एक समय त्रिपुरा में इंटरनेट कनेक्टिविटी का अभाव था। हालांकि अब पूरे त्रिपुरा में 5जी इंटरनेट उपलब्ध है।

### टीएमसी का घोषणा पत्र-10 मुफ्त सिलेंडर, सीएए लागू नहीं होने देने का वादा



तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी ने कहा कि हमारा स्टैंड है कि बंगाल में सीएए लागू नहीं होगा, एनआरसी और समान नागरिक संहिता भी लागू नहीं होने देंगे। पार्टी ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन जी रहे लोगों को साल में 10 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने और हर माह पांच किलो राशन मुफ्त देने का वादा किया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि केंद्र में इंडिया ब्लॉक की सरकार बनने पर 60 साल से ज्यादा उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को 1000 रुपए प्रति माह पेंशन दी जाएगी। उधर, चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को कूचबिहार जिले का दौरा नहीं करने की सलाह दी है।

### आयोग ने केसीआर को दिया नोटिस

चुनाव आयोग ने भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया है।



बता दें कि केसीआर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसके बाद कांग्रेस नेता जी निरंजन ने ईसी से शिकायत की थी। अब ईसी ने केसीआर पर कार्रवाई की है। कांग्रेस नेता जी निरंजन की शिकायत पर आयोग ने कहा कि केसीआर ने 5 अप्रैल को सिरसिला में प्रेस बैठक में कांग्रेस की आलोचना करते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया था।

### जेल से सरकार चलाने की मांग

दिल्ली हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर एक याचिका दायर की गई है। इस याचिका में सीएम अरविंद



केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की अनुमति देने की मांग की गई है। पेशे से वकील श्रीकांत प्रसाद की ओर से दायर याचिका में सीएम केजरीवाल के लिए वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कैबिनेट मंत्रियों के साथ बातचीत करने के लिए जरूरी व्यवस्था की मांग की गई है। इसके साथ ही मीडिया को सनसनीखेज खबरें प्रसारित करने से रोकने का भी आग्रह किया गया है।

### हमने सनातन की निंदा नहीं की



प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर सनातन विरोधी होने के आरोप लगाए थे। उनके इस बात का जवाब देते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्होंने कब सनातन धर्म की निंदा की है? मैं खुद रुद्राक्ष की माला पहनती हूं। कांग्रेस पार्टी में किसने गाली दी है? उन्होंने कहा कि चाहे हमें संसद से निकाल दिया जाए, हमारा घर ले लिया जाए, हम लड़ते रहेंगे।

### दुबई और लंदन में फ्लैट की मालकिन

दक्षिण गोवा से भाजपा उम्मीदवार पल्लवी डेम्पो ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।



चुनाव के लिए दाखिल 119 पन्नों के हलफनामे से पता चलता है कि उनके पति श्रीनिवास के साथ उनकी कुल संपत्ति लगभग 1,400 करोड़ रुपए है। पल्लवी डेम्पो ग्रुप के प्रमुख श्रीनिवास डेम्पो की पत्नी हैं। इस ग्रुप का कारोबारी साम्राज्य फुटबॉल, रियल एस्टेट, शिप बिल्डिंग से लेकर एजुकेशन और माइनिंग तक फैला है। पल्लवी के हलफनामे से पता चलता है कि उनके पास 255.4 करोड़ रुपए की चल संपत्ति है। वहीं, श्रीनिवास के स्वामित्व वाली संपत्ति का मूल्य 994.8 करोड़ रुपए है। जहां पल्लवी की अचल संपत्ति का कुल बाजार मूल्य 28.2 करोड़ रुपए है।

### रवि किशन पर आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ एफआईआर



गोरखपुर से सांसद हैं और इस बार भी भाजपा ने प्रत्याशी रवि किशन विवादों में हैं। दरअसल एक महिला ने उन पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिसके बाद रवि किशन की पत्नी ने आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ ब्लैकमेलिंग की शिकायत दर्ज करवाई है। दरअसल महाराष्ट्र निवासी महिला ने रवि किशन पर आरोप लगाते हुए उन्हें अपना पति बताया था। महिला ने कहा था कि उसकी और रवि किशन की शादी हुई थी और एक बच्ची भी है। बीते एक साल से रवि उसके संपर्क में नहीं है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। महिला ने कहा था कि वो चाहती है कि रवि उसको अपनाएं और बेटी को पिता के रूप में अपना नाम दें।

### एकनाथ खडसे को अंजाम भुगतने की धमकी



लोकसभा चुनाव 2024 से पहले शरद पवार की एनसीपी के दिग्गज नेता एकनाथ खडसे ने वापस भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया है। हालांकि, अब उन्हें एक अज्ञात कॉलर ने दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील का नाम लेकर धमकी दी है। खडसे ने मामले में पुलिस से शिकायत की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि कुछ ही दिनों पहले एकनाथ खडसे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की पार्टी को छोड़कर वापस भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया है।

## खबर संक्षेप

### पीजी में लगी आग, बच्चों ने कूदकर बचाई जान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पश्चिमी जिले के हरी नगर के ई ब्लॉक के एक मकान में अचानक आग लग



गई। इसके बाद आसपास अफरातफरी का माहौल हो गया। लोग जान बचाने के लिए इधर उधर भागते देखे गए। आग की सूचना लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को दी, जिसके बाद सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाई। आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी बताई गई है।

### तीन विस्फोटक आईईडी बरामद, तलाश जारी

**पुंछ।** जिले में सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी सफलता लगी है। बुधवार को सीमावर्ती जिले के जंगली क्षेत्र से



तीन विस्फोटक आईईडी बरामद किए गए हैं। इनमें से प्रत्येक का वजन तीन से 20 किलोग्राम के बीच था। इन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाकर नष्ट कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि विशेष इनपुट पर पुंछ के गुरसाई के वन क्षेत्र में सुरक्षा बालें ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

### बांग्लादेशी से 14800 अमेरिकी डॉलर बरामद

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए चेकिंग अभियान के दौरान देहरादून एयरपोर्ट पर एक




बांग्लादेशी नागरिक से 14800 अमेरिकी डॉलर बरामद किए गए हैं। यह नागरिक सउदी अरब से हवाई यात्रा करते हुए दिल्ली की फ्लाइट से एयरपोर्ट पहुंचा था। जहां पुलिस, सीआईएसएफ और आयकर विभाग की संयुक्त टीम ने उसे पकड़ा।

देशभर में 102 लोकसभा सीटों 1625 उम्मीदवारों के लिए प्रथम चरण का मतदान कल

# आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल की प्रतिष्ठा दांव पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। नागपुर सीट से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं अरुणाचल पश्चिम सीट से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू चुनाव मैदान में हैं।

उनका मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से हैं। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम राज्य मंत्री रामेश्वर तेली की जगह भाजपा ने राज्यसभा सदस्य सोनोवाल को डिब्रूगढ़ से मैदान में उतारा है।

**लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान**

**19 अप्रैल को 2024 को होगा**

**1625 प्रत्याशियों की किस्मत 19 अप्रैल की शाम ईवीएम में कैद हो जाएगी**



### त्रिकोणीय मुकाबला

उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीट मुजफ्फनगर में इस बार मुकाबला त्रिकोणीय है। यहां से केंद्रीय मंत्री संजीव बलियान चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के हरेंद्र मलिक और बसपा उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति से है। जबकि दो बार के सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में मंत्री जितेंद्र सिंह जम्मू-कश्मीर की उधमपुर सीट से तीसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### अलवर और बीकानेर लोकसभा सीट

राजस्थान की अलवर सीट पर भी पहले चरण में चुनाव है। यहां से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस ने विधायक ललित यादव को उतारा है। 2019 में यहां से बाबा बालक नाथ ने लोकसभा का चुनाव जीता था। राजस्थान की बीकानेर संसदीय सीट से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल से है।

### ए राजा के सामने चुनौती

तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा क्षेत्र से द्रमुक सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा चुनावी मैदान में हैं। उनका मुकाबला केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन से है। शिवगंगा सीट पर मौजूदा सांसद कार्ति चिदंबरम का मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है।

**पुडुचेरी में पूर्व राज्यपाल**

पुडुचेरी में तमिलिसाई सौंदर्यराजन चेन्नई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं। जबकि पश्चिम त्रिपुरा सीट पर पूर्व सीएम बिप्लब देब और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार साहा के बीच टक्कर देखने को मिलेगी।

### असम की इस सीट पर सबकी निगाहें

असम की जोरहाट सीट से पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 में यहां से भाजपा के तपन गोगोई ने जीत हासिल की थी। मणिपुर के शिक्षा मंत्री बसंत कुमार सिंह इनर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं और उनका मुकाबला जेएनयू के प्रोफेसर और कांग्रेस उम्मीदवार बिमल अकोइजाम से है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

# प्रेम में आत्महत्या करने पर महिला को नहीं ठहरा सकते हैं दोषी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




प्यार में असफलता मिलने पर जीवन समाप्त करने से जुड़े मामले में दूसरे पक्ष पर आरोप लगाने से जुड़े मामले पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अहम निर्णय सुनाया है। न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने कहा कि प्रेम के मामले में असफलता के कारण अगर प्रेमी आत्महत्या कर लेता है, वहां महिला को पुरुष को आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

अदालत ने यह भी कहा कि कमजोर या दुर्बल मानसिकता वाले व्यक्ति द्वारा लिए गए गलत निर्णय के लिए किसी अन्य व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत उक्त टिप्पणी आत्महत्या के लिए उकसाने से जुड़े मामले में आरोपित एक महिला और एक पुरुष को अग्रिम जमानत देते हुए की। आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के पिता ने आरोप लगाया था।

### युवक आत्महत्या करने की देता था धमकी

अदालत ने आवेदकों को अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि रिकॉर्ड पर रखे गए वॉट्सऐप चैट से प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक संवेदनशील स्वभाव का था और जब भी महिला उससे बात करने से इनकार करती थी तो वह लगातार आत्महत्या करने की धमकी देता था। पीठ ने कहा कि यह सही है कि मृतक ने सुसाइड नोट में आवेदकों का नाम लिखा था, लेकिन अदालत की राय में मृतक द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट में खतरों की प्रकृति के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया सुसाइड नोट में केवल आवेदकों के प्रति मृतक की पीड़ा व्यक्त की गई है, लेकिन यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि आवेदकों का ऐसा कोई इरादा था, जिसके कारण मृतक ने आत्महत्या की थी।

रामनवमी पर दर्दनाक हादसा

# दर्शन करने जा रहे ग्रामीणों की गाड़ी पलटी, 3 की मौत

एजेंसी ▶▶ कानपुर

फतेहपुर से जूही बारादेवी मंदिर दर्शन करने जा रहे बोलेरो पिकअप रफ्तार तेज होने से अनियंत्रित होकर चकेरी मोड़ के पास पलट गई। हादसे में दो महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई,जबकि 17 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस एंबुलेंस से घायलों को रामादेवी स्थित कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां से कई घायलों को एलएलआर अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है।

फतेहपुर के मानागांव निवासी रामू ने बताया कि बुधवार दोपहर रामनवमी पर जूही स्थित बारादेवी मंदिर में दर्शन करने के लिए पिता



रामपाल व रिश्तेदार व गांव के करीब 40 से 45 लोगों के साथ दो बोलेरो पिकअप बुक कराकर जा रहे थे। चकेरी मोड़ के पास दोनों गाड़ियों की रफ्तार काफी तेज होने और एक दूसरे से रेस लगाने के चक्कर में एक बोलेरो पलट गई।

राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने किया दावा

बेरोजगारी और मंहगाई को बताया देश का बड़ा मुद्दा

# पहले लग रहा था 180 सीटें एनडीए को मिलेंगी,लेकिन अब लगता है 150 से ज्यादा किसी हाल में नहीं मिलेंगी

एजेंसी ▶▶ कौशांबी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा करते हुए कहा है कि पहले लग रहा था कि एनडीए को 180 सीटें मिल जाएंगी। अब माहौल को देखते हुए स्पष्ट दिखने लगा है कि 150 से ज्यादा सीटें किसी हालत में नहीं मिलेंगी। यहां इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता हुई इसमें राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन एनडीए को गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगी। राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए की सरकार 150 सीटों पर सिमट कर रह जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि वो 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे के साथ होगी।

उप्र के गाजियाबाद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है।

**दावे के साथ आरोप**

- 2024 में बैंड बाजे के साथ विदा करेंगे
- इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है
- लूट और झूठ भाजपा की पहचान

### पश्चिम से बदलाव की हवा चलीः अखिलेश



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है।

**कांग्रेस गठबंधन के हैं तीन प्रमुख मुद्दे**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन तीन प्रमुख मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। इसमें पहला बेरोजगारी दूसरा महंगाई और तीसरा भागीदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर बार परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है जिससे लाखों युवा आहत होते हैं। गठबंधन की सरकार आएगी तो वह युवाओं को रोजगार देगी।

### भाजपा ध्यान भटकाने में लगी हैः राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा, ‘यह चुनाव विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा संविधान और लोकतांत्रिक को खत्म करने की कोशिश कर रही है, और दूसरी तरफ इंडी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतंत्र को बचाने की कोशिश कर रही है। चुनाव में 2-3 बड़े मुद्दे हैं। बेरोजगारी और महंगाई दूसरी सबसे बड़ी है, लेकिन भाजपा ध्यान भटकाने में लगी है। न तो प्रधानमंत्री और न ही भाजपा मुद्दों पर बात करती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)